शनिवार, 10 जनवरी 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 12 – 23 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदयः 06:18 | सूर्यास्तः 17:09 |



उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है: राजनाथ सिंह पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, तीन, चार और पांच पर

सुविचार : धीमी सफलता चरित्र निर्माण करती है, तेज सफलता अहंकार पैदा करती है।

### ईडी की छापेमारी के खिलाफ सड़क पर उतरीं मुख्यमंत्री, पांच किलोमीटर किया पैदल मार्च

# 2026 में भाजपा का पतन होगा, दिल्ली में नहीं बचेगी केंद्र सरकार : ममता

### 'मैंने कोई अन्याय नहीं किया, आत्मरक्षा का मुझे अधिकार', ईडी की छापेमारी में बाधा देने पर दीं सफाई

### कहा... 'ईडी चोर की तरह आई थी तृणमूल का डेटा चोरी करने, इसका मैंने विरोध किया'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनाव प्रबंधन का काम करने वाली वाली संस्था आई–पैक के परिसरों पर ईडी की छापेमारी से बिफरीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को केंद्र पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि 2026 में भाजपा का पतन हो जाएगा। ईडी द्वारा की गई छापेमारी के खिलाफ ममता ने सड़क पर उतरकर पांच किलोमीटर लंबे पैदल मार्च का नेतृत्व किया। ममता ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और समर्थकों के साथ जादवपुर में 8बी बस स्टैंड क्षेत्र से मार्च शुरू किया, जो हाजरा मोड़ पर संपन्न हुआ। हाजरा मोड़ पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का विदाई घंटा बज चुका है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में केंद्र की सरकार अब ज्यादा दिन नहीं बचेगी। ममता ने तृणमूल कार्यकर्ताओं से पाड़ा–पाड़ा में भाजपा का मृत्यु घंटा बजाने का आह्वान किया। ममता ने कहा कि आने वाले समय में फाटाफाटी खेला होगा। गुरुवार को ईडी की छापेमारी के दौरान बाधा देने व अधिकारियों से फाइल छीनने के आरोपों पर ममता ने कहा कि मैंने कोई अन्याय नहीं किया है। आत्मरक्षा का मुझे अधिकार है। ममता ने कहा कि ईडी चोर की तरह आई थी, तृणमूल का डेटा चोरी करने, इसका मैंने प्रतिवाद किया। ममता ने यह भी कहा कि मैंने कल जो किया तृणमूल प्रमुख की हैसियत से किया। मेरे कार्यालय से डाटा चोरी किया जा रहा था, चोर की तरह वो घुसे थे। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया। ममता ने फिर आरोप लगाया कि केंद्र के इशारे पर ईडी की छापेमारी का उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल के आंतरिक दस्तावेजों, हार्ड डिस्क और गोपनीय संगठनात्मक डेटा को जब्त करने का प्रयास था, जिनका किसी भी वित्तीय जांच (कोयला घोटाले) से कोई लेना–देना नहीं है।

**'कोयला घोटाले का पैसा जाता है शाह के पास, मेरे पास पेन ड्राइव में सारे सबूत'**

इस दौरान, ममता ने गृह मंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि कोयला घोटाले का पैसा शाह इस्तेमाल करते हैं। ममता ने नाम लेकर कहा कि बंगाल से जगन्नाथ के जरिए शुभेंदु अधिकारी के पास कोयला घोटाले का पैसा जाता है और फिर शुभेंदु इसे अमित शाह तक भेजते हैं। हालांकि, जगन्नाथ कौन हैं, ममता ने इसका उल्लेख नहीं किया। ममता ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे पास इसका सब सबूत और पेन ड्राइव मौजूद हैं। ज्यादा करने पर मैं इसका पर्दाफाश कर दूंगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि मैं बदले के तौर पर ऐसा कुछ नहीं करती और न करना चाहती। लेकिन, अगर हम करने पर आ गए तो बहुत कुछ कर सकते हैं। अगर कोई मुझे दुख पहुंचाता है, तो मैं उसे छोड़ती नहीं। ममता ने कहा कि अगर आप मुझे जेल में भरेंगे तो मैं आपको पूरी दुनिया में भर दूंगी।



### आई–पैक पर ईडी छापे से जुड़े मामलों की सुनवाई स्थगित, 14 जनवरी को होगी सुनवाई

**आज सुप्रीम कोर्ट जा सकती है ईडी**

**सुनवाई स्थगित होने पर मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय पहुंची ईडी, तत्काल सुनवाई की याचिका खारिज**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें गुरुवार को इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई–पैक) के कार्यालय और आई–पैक के सह–संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर एक साथ की गई छापेमारी और तलाशी अभियान से संबंधित विवाद के मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई की याचिका लेकर ईडी ने संपर्क किया, क्योंकि दिन में पहले न्यायमूर्ति सुवा घोष की एकल–न्यायाधीश पीठ में सुनवाई शुरू होने के समय अदालत कक्ष में अत्यधिक भीड़ के कारण सुनवाई नहीं हो सकी थी। न्यायमूर्ति घोष के न्यायालय कक्ष से चले जाने के बाद, अगली सुनवाई की तारीख 14 जनवरी निर्धारित की गई। ईडी की तत्काल सुनवाई की याचिका को खारिज करते हुए, खंडपीठ ने कहा कि सुनवाई न्यायमूर्ति घोष की एकल–न्यायाधीश पीठ द्वारा निर्धारित तिथि पर ही होगी। ईडी ने यह भी दलील दी थी कि अगर न्यायमूर्ति घोष की पीठ द्वारा 14 जनवरी से पहले तत्काल सुनवाई नहीं हो पाती है, तो इसे किसी अन्य एकल–न्यायाधीश पीठ को स्थानांतरित किया जा सकता है। इस दलील को भी खंडपीठ ने खारिज कर दिया। प्रारंभ में, ईडी ने खंडपीठ के समक्ष मौखिक अपील की, जिसने केंद्रीय एजेंसी के वकील को इस मामले में लिखित अपील प्रस्तुत करने के लिए कहा। वकील द्वारा अपील दायर करने के बाद, खंडपीठ ने उस निवेदन को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले में पहले ही न्यायिक आदेश पारित हो चुका है, इसलिए न्यायमूर्ति घोष की पीठ द्वारा तय किए गए अनुसार सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आई–पैक से जुड़ी घटनाओं पर ईडी से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पश्चिम बंगाल में 8 जनवरी को हुई घटनाओं के बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। ये घटनाएं केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा कोलकाता ऑफिस और आई–पैक के को–फाउंडर प्रतीक जैन के घर पर एक साथ की गई रेड और सर्च ऑपरेशन से जुड़ी हैं। अमित शाह के नेतृत्व वाले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में ईडी से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। जानकारी के अनुसार, ईडी ने इस मामले में पहले ही अपने मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंप दी थी और अब यह एजेंसी केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी अलग से एक रिपोर्ट सौंपेगी। इसी तरह, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने इन दोनों जगहों पर छापे और तलाशी अभियान के दौरान ईडी अधिकारियों को एस्कॉर्ट किया था। उसने भी इस मामले में गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। सूत्र ने बताया कि यह रिपोर्ट ईडी के कोलकाता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा तैयार की जाएगी और पहले एजेंसी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय को भेजी जाएगी। वहां से इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा।

### हिमाचल: सिरमौर में बस 500 फुट गहरी खाई में गिरी, 12 लोगों की मौत और 35 अन्य यात्री घायल



**नाहन :** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार दोपहर एक निजी बस के 500 फुट गहरी खाई में गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 35 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही बस हरिपुरधार गांव के पास सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी। पुलिस के मुताबिक, निजी बस में बैठने की क्षमता 39 लोगों की थी लेकिन वाहन में जरूरत से ज्यादा यात्री सवार थे। मौके पर बचाव अभियान की निगरानी कर रहे संगराह के उप–मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुनील कायथ ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है और सभी घायलों व मृतकों को पास के संगड़ाह और ददाहू के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुर्घटना में हुई जन हानि पर दुख व्यक्त किया। यहां जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान करें और घायलों की सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करें। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, हिमाचल विधानसभा में विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर और भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल, शिमला से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो कर दो अप्रैल तक चलेगा

**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को बताया कि संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आर्थिक सर्वेक्षण और आम बजट पेश करेंगी। रीजीजू ने बजट पेश किए जाने की तारीख के बारे में विवरण साझा नहीं किया। एक फरवरी को बजट दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है और इस बार एक फरवरी रविवार को है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### चांदी करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर, सोना भी मजबूत

**नयी दिल्ली :** वैश्विक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ताजा मांग से शुक्रवार को राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 6,500 रुपये बढ़कर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना बढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले सत्र में, कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण चांदी 12,500 रुपये यानी करीब पांच प्रतिशत घटकर 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी। बुधवार को यह 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये बढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गयी, जबकि पिछली बार यह 1,40,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि दो जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.62 अरब डॉलर घटकर 551.99 अरब डॉलर रह गईं।

## भारत–अमेरिका व्यापार समझौता इसलिए नहीं हुआ क्योंकि 'मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया': अमेरिकी वाणिज्य मंत्री



**न्यूयॉर्क :** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौता इसलिए नहीं हो पाया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया। लुटनिक ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि ''मोदी जानते थे कि वह भारत के रूसी तेल खरीदने से नाखुश हैं और अमेरिका कभी भी भारत पर शुल्क बढ़ा सकता है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बयान दोनों देश के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के दौरान दिया। व्यापार समझौते पर अब तक छह दौर की बातचीत हो चुकी है। इस समझौते में अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर लगने वाले 50 प्रतिशत शुल्क के समाधान के लिए एक ढांचागत समझौता शामिल है। लुटनिक ने बृहस्पतिवार को एक 'पॉडकास्ट' में कहा कि उन्होंने मोदी से राष्ट्रपति को फोन करके समझौते को अंतिम रूप देने का अनुरोध किया था। हालांकि, भारत ऐसा करने में '' असहज '' महसूस कर रहा था, '' इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया।'' वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपीन और वियतनाम के साथ व्यापार समझौते किए हैं लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि भारत के साथ व्यापार समझौता इन देशों से पहले हो जाएगा।

### अमेरिकी वाणिज्य मंत्री की टिप्पणी गलत: भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक की इस टिप्पणी को गलत बताया कि दोनों देशों के बीच पिछले साल व्यापार समझौता इसलिए सफल नहीं हो सका क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया। इस मुद्दे पर भारत ने यह भी कहा कि वह दोनों ''पूरक अर्थव्यवस्थाओं'' के बीच ''पारस्परिक रूप से लाभकारी'' व्यापार समझौते को पूरा करने में रुचि रखता है। भारत सरकार ने यह भी बताया कि मोदी और ट्रंप ने 2025 में आठ अवसरों पर फोन पर बातचीत की, जिसमें संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए जारी बातचीत में उस समय एक बड़ी बाधा आ गई जब ट्रंप ने भारत पर रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के साथ 50 प्रतिशत का भारी शुल्क (टैरिफ) लगा दिया।

### रूस से तेल खरीद और अमेरिकी विधेयक : भारत की घटनाक्रम पर करीबी नजर

भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 500 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने संबंधी प्रस्तावित अमेरिकी विधेयक से संबंधित घटनाक्रम पर करीब से नजर रखे हुए है। भारत और चीन उन चुनिंदा देशों में शामिल हैं, जो रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदते हैं। इस विधेयक को तैयार करने वाले अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस सप्ताह कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रस्तावित कानून को हरी झंडी दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में कहा, ''हमें प्रस्तावित विधेयक की जानकारी है। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं।'' रूस से कच्चे तेल की खरीद का भारत यह कहकर पुरजोर बचाव करता रहा है कि खरीद बाजार की गतिशीलता से निर्धारित है और देश की 1.4 अरब आबादी की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए है। जायसवाल ने कहा, ''ऊर्जा स्रोतों के व्यापक प्रश्न पर हमारा रुख सर्वविदित है।'' उन्होंने कहा, ''इस संबंध में, हम वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता और 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित हैं।''

## बांग्लादेश में सांप्रदायिक घटनाओं से सख्ती से निपटना होगा: भारत



**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से कहा कि वह वहां अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों से ''तुरंत और सख्ती से'' निपटे। इसने घटनाओं को बाहरी कारणों से जोड़ने के प्रयासों को ''चिंताजनक'' बताया। बांग्लादेश में पिछले कुछ हफ्तों में कई हिंदुओं की हत्या किए जाने की पृष्ठभूमि में भारत की यह प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हम अल्पसंख्यकों के साथ–साथ उनके घरों और व्यवसायों पर चरमपंथियों द्वारा बार–बार किए जा रहे हमलों का चिंताजनक सिलसिला देख रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इस तरह की सांप्रदायिक घटनाओं से तुरंत और सख्ती से निपटना जरूरी है। जायसवाल ने कहा, ''हमने इस तरह की घटनाओं को व्यक्तिगत दुश्मनी, राजनीतिक मतभेदों या बाहरी कारणों से जोड़ने की एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी है।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह की अनदेखी से अपराधियों का हौसला बढ़ता है और अल्पसंख्यकों के बीच भय एवं असुरक्षा की भावना और गहरी हो जाती है।'' बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद (बीएचबीसीयूसी) ने पिछले महीने ही सांप्रदायिक हिंसा की 51 घटनाएं दर्ज की थीं। इनमें 10 हत्याएं, चोरी और डकैती के 10 मामले, घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों पर कब्जा करने, लूटपाट और आगजनी से जुड़ी 23 घटनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, जनवरी में अब तक चार और हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है, जिससे दिसंबर से अब तक मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है।

### जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय

**अब 29 जनवरी को होगी सुनवाई**



**नयी दिल्ली :** जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में लालू परिवार को बड़ा झटका लगा है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी, मीसा भारती, तेज प्रताप, तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय किए हैं। आईपीसी 120बी, 420, प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत आरोप तय किए गए हैं। वही, 52 आरोपियों को आरोप मुक्त किया गया है। आपराधिक साजिश, करप्शन, प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत तहत कोर्ट ने आरोप तय किया है। कोर्ट ने माना है कि लालू यादव और उनके परिवार ने एक आपराधिक गिरोह की तरह काम किया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि लालू परिवार ने साजिश रची। इसका मतलब है कि इन धार–ाओं के तहत लालू परिवार और बाकी को मुकदमे का सामना करना होगा। मामले में 29 जनवरी को आगे सुनवाई होगी। अदालत ने इस मामले में कुल 98 आरोपियों में से 52 आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया है, जबकि शेष आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में 5 आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है, ऐसे में अब 41 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलेगा।

### डीआरडीओ ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के लिए 'स्क्रैमजेट' इंजन का लंबी अवधि का जमीनी परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 'स्क्रैमजेट कंबस्टर' का लंबी अवधि का सफल जमीनी परीक्षण करके हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने स्क्रैमजेट–संचालित हाइ–परसोनिक प्रौद्योगिकी पर अद्यतन जानकारी साझा करते हुए कहा कि हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने इस तरह की मिसाइलों के विकास के क्षेत्र में एक ''अभूतपूर्व उपलब्धि'' हासिल की है। इसने एक बयान में कहा कि डीआरडीएल ने 9 जनवरी को अपने अत्याधुनिक 'स्क्रैमजेट कनेक्ट पाइप टेस्ट' (एससीपीटी) प्रतिष्ठान में 'स्क्रैमजेट कंबस्टर' का लंबी अवधि का जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

### छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 63 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 36 पर था 1.19 करोड़ रुपए का इनाम




**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 63 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है तथा उनमें 36 पर 1.19 करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में जारी नक्सल विरोधी मोर्चे पर सुरक्षाबलों को शुक्रवार को महत्वपूर्ण सफलता मिली जब पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) अभियान से प्रभावित होकर 36 ईनामी समेत 63 माओवादी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो गए। उन्होंने बताया कि आज आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 18 महिलाएं हैं। अधिकारियों का कहना है कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादी दक्षिण बस्तर, पश्चिम बस्तर, अबूझमाड़ और उड़ीसा में सक्रिय थे। उनमें 36 माओवादियों पर एक करोड़, 19 लाख, 50 हजार का इनाम घोषित था।



# अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दूरी: अमेरिका की नई रणनीति क्यों?

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात जिस वैश्विक व्यवस्था का निर्माण हुआ, उसका उद्देश्य था,युद्ध की पुनरावृत्ति रोकना, सहयोग को बढ़ावा देना और शक्ति-संतुलन स्थापित करना। संयुक्त राष्ट्र (यूएन), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), यूनेस्को, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) तथा पेरिस जलवायु समझौते जैसी बहुपक्षीय संस्थाएँ इसी सोच की उपज थीं। इन संस्थाओं के गठन, वित्तपोषण और नीति-निर्धारण में अमेरिका की केंद्रीय भूमिका रही। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में दृश्य उलट चुका है। अमेरिका ने कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं दूरी बनाना शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका ने 31 यूएन एजेंसियों और 35 गैर-यूएन अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं संधियों से बाहर निकलने का निर्णय लेते हुए इन संस्थाओं को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक हितों और संप्रभुता के लिए 'खतरा' बताया गया। यह केवल किसी एक राष्ट्रपति की सनक नहीं, बल्कि अमेरिकी राजनीति में आए संरचनात्मक परिवर्तन और वैश्विक प्रभुत्व बनाए रखने की रणनीति का संकेत है।

शीत युद्ध के बाद उभरी एकध्रुवीय व्यवस्था अब इतिहास बन चुकी है। चीन का आर्थिक और तकनीकी उभार, भारत का वैश्विक आर्थिक मंच पर सशक्त होना, रूस की सैन्य पुनर्सक्रियता, ब्रिक्स समूह का विस्तार तथा वैश्विक दक्षिण की बढ़ती मुखरता ने शक्ति-संतुलन को बदल दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा, डब्ल्यूटीओ या जलवायु सम्मेलनों जैसे मंचों पर अब निर्णय केवल किसी शक्तिशाली देश की इच्छा से नहीं होते अपितु बहुमत से होते है।इसी व्यवस्था में अमेरिका को कई बार अल्पमत में रहना पड़ा है। ट्रम्प प्रशासन ने इसी कारण बहुपक्षवाद को 'बोझिल', 'अप्रभावी' और 'अमेरिकी हितों के विरुद्ध' करार दिया। वस्तुतः यह उस असहजता की अभिव्यक्ति है, जहाँ अमेरिका अब नियम तय करने वाला अकेला शक्ति-केंद्र नहीं रहा।

अमेरिका स्वयं को 'नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था' का सबसे बड़ा पैरोकार बताता है, किंतु व्यवहार में वह नियमों का पालनकर्ता नहीं, बल्कि नियम-निर्धारक बनना पसंद करता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पत्नी सहित अगुवा करने की धमकी, ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की इच्छा, चीन और भारत सहित अनेक देशों पर एकतरफा टैरिफ लगाने जैसे कदम अंतरराष्ट्रीय कानून और संस्थागत प्रक्रियाओं की अनदेखी के उदाहरण हैं।इसके विपरीत, अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ समान नियमों की वकालत करती हैं, फिर चाहे वह पेरिस समझौते के तहत जलवायु उत्सर्जन की जिम्मेदारी हो, यूएन मानवाधिकार परिषद के मानवाधिकार मानक हों या जिनेवा संधियों के युद्ध नियम। जैसे ही ये मानक अमेरिका या उसके रणनीतिक सहयोगियों (जैसे इजरायल) पर लागू होते हैं,तब ऐसी संस्थाओं को 'पक्षपाती' और 'अमेरिका-विरोधी' घोषित कर दिया जाता है। अमेरिका का 2017 में पेरिस जलवायु समझौते से हटना और 2018 में यूएन मानवाधिकार परिषद से बाहर निकलना इसी मानसिकता के स्पष्ट उदाहरण हैं।

अमेरिकी नव-राष्ट्रवाद ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को 'संप्रभुता-भक्षक' के रूप में प्रस्तुत किया है वहीं 'अमेरिका फर्स्ट' का नारा घरेलू राजनीति में व्यापक जनसमर्थन जुटाने का साधन बना। शायद इसी कारण बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं को घरेलू समस्याओं जैसे रोजगार, कर और सुरक्षा आदि के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। परिणामस्वरूप, वैश्विक सहयोग की जगह संकीर्ण राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी गई। वास्तव में अमेरिका की यह नीति संस्थाओं की कमजोरी से अधिक उसकी बदली हुई वैश्विक स्थिति की स्वीकारोक्ति है। बहुध्रुवीय विश्व में नियमों के अधीन रहना अमेरिका को स्वीकार नहीं क्योंकि उससे अमेरिकी हितों की पूर्ति नहीं होती, विस्तार वादी नीति को समर्थन नहीं मिलता, दूसरे देशों के संसाधनों को हड़पने का मौका नहीं मिलता। प्रश्न यह नहीं कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ अप्रासंगिक हो गई हैं, बल्कि यह है कि क्या विश्व एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है जहाँ 'संस्थागत सहयोग' के स्थान पर 'शक्ति का एकतरफा प्रदर्शन' ही नई वैश्विक नीति बनेगा।

-प्रो. (डा.) मनमोहन प्रकाश

# आउट्राम घाट पर जौनपुर नागरिक संघ के सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के मौके पर गंगासागर में मोक्ष की डुबकी लगाने के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए आउट्राम घाट पर लगे जौनपुर नागरिक संघ के सेवा शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस मौके पर मंच पर चेयरमैन रामभुआल तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज तिवारी, द्वीप प्रज्वलनकर्ता रीता मुरारी मुकारिका, उद्घाटनकर्ता सुनीता पटोदिया, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी व शिवसहाय मिश्रा, वक्ता के रूप में पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद अनवर खान, संजय उपाध्याय, संजय सिंह, पप्पू सिंह, समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ अध्यक्ष लालमणि मिश्रा, सचिव कमला शंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष रामजी मिश्रा, संयोजक अशोक यादव, हरीश तिवारी, सरोज तिवारी, अरविंद तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, संजय तिवारी, राधेश्याम तिवारी, नरेंद्र तिवारी, आनंद पांडे, राजकुमार गुप्ता, ओंकार नाथ दुबे, रामनाथ चौबे, रामप्रवेश चौबे, वेद कुमार पाठक, नीरज पाठक, रमेश चतुर्वेदी, सुबेदार चतुर्वेदी, गोरखनाथ चतुर्वेदी, रवि दुबे, राजेश उपाध्याय, अंकुश राजेश उपाध्याय, कृष्णदेव शुक्लास, चंद्रिका साव, शैलेश दुबे, संतोष मिश्रा, कृपाशंकार मिश्र, वरुण मिश्रा, डॉ. शिवशंकर विश्वकर्मा, रामलखन गुप्ता, अनिल सिंह, रामनरेश जायसवाल, दिलीप गुप्ता, नागेश पांडे, गौरीशंकर प्रजापति, आनंद प्रकाश गुप्ता, राजन साव, पप्पू साव, तीर्थराज गुप्ता समेत अन्य सक्रिय भूमिका निभाई। मंच का कुशल संचालन शिवशंकर गुप्ता एवं सुरेंद्र दुबे ने किया। गणेश वंदना मास्टर आराध्य मिश्र, प्रत्युस तिवारी, रक्षित तिवारी ने किया।



प्रांतीय जायसवाल के उद्घाटन समारोह में मंच पर रामनरेश जायसवाल, हरीश चन्द्र जायसवाल, सहस्त्रार्जुन जयन्ती समारोह के अध्यक्ष विकास जायसवाल, श्रीमती रजनी गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक जायसवाल, विनोद जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, राजीव जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल एवं संचालक नन्दकिशोर जायसवाल समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**आउट्राम घाट पर लगे अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ के सेवा शिविर में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तीर्थयात्रियों में भोग वितरण किया। इस मौके पर अध्यक्ष रामानुज सिंह, अनिल सिंह (बलिया), दीपक सिंह व अन्य उपस्थित रहे।**



## गंगासागर मेले में लायन्स क्लब का तीर्थयात्री सेवा शिविर

**कोलकाता :** लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता, काकुड़गाछी की ओर से 11 से 16 जनवरी तक हारवुड प्वाइंट, काकद्वीप में गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। दीपक बंका ने बताया कि सेवा शिविर के चेयरमैन लायन विष्णु बागला, शंकर लाल चमड़िया, दिनेश अग्रवाल तथा क्लब अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव अनुभव जयसवाल और रूपक केडिया के मार्गदर्शन में छह दिवसीय शिविर लगाया जा रहा है। उद्घाटनकर्ता लायन गोपाल नरेडी, दीप प्रज्व्लन श्रीराम टिबरेवाल करेंगे। प्रमुख अतिथियों में रामकिशन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनिल केडिया, छत्तर सिंह दुगड़, सुरेश सराफ, पुरुषोत्तम अग्रवाल, डीजी स्वाति गोस्वामी, आशीष झुनझुनवाला, नितिन अग्रवाल, सुप्रिया सिंह, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, शम्भु प्रसाद अग्रवाल एवं लायन बन्धु सहयोग कर रहे हैं।

## बाबूघाट पर मानव सेवा की मिसालः

# 56 वर्षों से गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा में काशी विश्वनाथ सेवा समिति



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की अग्रणी सामाजिक संस्था श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने एक बार फिर मानव सेवा और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। गंगासागर मेले के अवसर पर बाबूघाट में समिति द्वारा स्थापित सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ हो गया है। यह संस्था पिछले 56 वर्षों से निरंतर बाबूघाट पर गंगासागर जाने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की निःस्वार्थ सेवा करती आ रही है, और हर साल इसकी सेवाएं और भी व्यापक रूप लेती जा रही हैं।

इस सेवा शिविर का प्रधान उद्घाटनकर्ता समाजसेवी गिरधारी लाल गोयनका थे। उद्घाटन समारोह में राजेश सोथंलिया और विनोद लिहला, पत्रकार विश्वंभर नेवर सहित अनेक विशिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समिति के प्रधान सचिव विमल दीवान, सह-सचिव पवन बंसल, सुभाष सांवलदावाला, मेला संयोजक मनोज चौधरी, डी.सी. अग्रवाल ने कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था संभाली। इसके अलावा, कैंप को सफल बनाने में संजय अग्रवाल, सुमित झुनझुनवाला, महेश पंचलागिया, जयप्रकाश गुप्ता, महेश काबरा, अभिषेक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सुभाष चंद्र गोयनका, महेश गोयनका, चेतन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनय सोथंलिया सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सेवा शिविर में सोसाइटी बेनिफिट सर्कल द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए 24 घंटे निःशुल्क मेडिकल सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम लगातार सेवा में तैनात है। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, विश्राम और ठहरने की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि गंगासागर जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बाबूघाट से गंगासागर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर आवश्यक सुविधा-चिकित्सा सहायता, रहने की जगह, भोजन और मार्गदर्शन-काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए अतिरिक्त देखभाल की व्यवस्था की गई है।

उद्घाटन के अवसर पर गिरधारी लाल गोयनका ने कहा कि यहां की सेवा और मेडिकल व्यवस्था देखकर मन को गहरी संतुष्टि मिलती है। जरूरतमंद तीर्थयात्रियों की सेवा ही सच्ची सेवा है, उन्होंने कहा। काशी विश्वनाथ सेवा समिति इस भावना को पिछले 56 वर्षों से जीवित रखे हुए है। गंगासागर मेले के दौरान बाबूघाट पर चल रही यह सेवा न केवल तीर्थयात्रियों के लिए राहत का केंद्र बनी हुई है, बल्कि सामाजिक सेवा और मानवीय मूल्यों की एक सशक्त मिसाल भी पेश कर रही है। बाबूघाट और आउटराम घाट में मिनी गंगासागर कैंप में राज्य सरकार और पुलिस सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी शिविर लगाए गए हैं।



गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए आउट्राम घाट पर लगे श्री कालिका देवी सेवा समिति के सेवा शिविर का शुक्रवार को उद्घाटन संपन्न हुआ। इस मौके पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए आउट्राम घाट पर लगे वेस्ट बंगाल यादव समाज के सेवा शिविर का शुक्रवार को उद्घाटन संपन्न हुआ। इस मौके पर मेला प्रबंधक दुर्गा यादव, महासचिव संजय यादव, संचालक परशुराम राय समेत अन्य कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 जनवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष सप्तमी, 08:25 तक, नक्षत्र : हस्त, 15:37 तक, योग : अतिगंदा, 16:59 तक, सूर्योदयः 06:18, सूर्यास्तः 17:09, चन्द्रोदय : 23:50, चन्द्रास्तः 10:53, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 09:03 से 10:23

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को कल शनिवार के दिन अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। हालांकि, इस दौरान बेवजह आपके सामने कुछ परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

**वृष :** शनिवार के दिन वृषभ राशि वालों को तोड़ा संभलकर रहना होगा। अधिक उत्साह और जल्दबाजी से बने हुए कार्य बिगड़ सकते हैं। इस दौरान कुछ पारिवारिक दबाव आपको घेरे रखेंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को आज के दिन परिवार पर थोड़ा अधिक ध्यान देना होगा। परिवार में आपसी मतभेद या झगड़ा होने की संभावना नजर आ रही है। कोई गलत निर्णय लेने से बचें।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए शनिवार का दिन विशेष लाभ लेकर आ रहा है। आपको परिश्रम का पूरा लाभ मिलेगा। इस दौरान आपको दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**सिंह :** शनिवार के दिन सिंह राशि के जातकों को कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी या व्यवसाय से जुड़े सभी काम समय पर बनते चले जाएंगे। अच्छा अवसर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के किसी उत्सव या त्योहार में शामिल होने का अवसर मिलेगा। अच्छा और मनपसंद भोजन करने से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए शनिवार का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता लेकर आ रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी और एक के बाद एक सभी मामले सुलझते चले जाएंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के दांपत्य जीवन में सुख की वृद्धि होगी। जटिल कार्य आसानी से पूरे होते चले जाएंगे और इस दौरान नए और लाभदायक कार्यों का शुरुआत भी हो सकती है।

**धनु :** धनु राशि के जातकों को दिन की शुरुआत में कुछ समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। वाहन और आवास से संबंधी कुछ परेशानी आपके सामने आ सकती है। सिर उठा सकती हैं।

**मकर :** शनिवार का दिन मकर राशि के जातकों का बेहद ही शुभ रहने वाला है। आपके अंदर साहस बढ़ेगा और अपनी कड़ी मेहनत के बल पर आप लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों को तर्क-वितर्क में समय बर्बाद करने से बचना होगा। किसी पर व्यर्थ का संदेह आपके लिए धन की हानि का कारण बन सकता है।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए शनिवार का दिन लाभकारी रहने वाला है। अपने व्यवहार के दम पर आप वो सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी चाह आपको लंबे समय से थी।

## विदेश की खबरें

# ऑस्कर 2026: 'कांतारा' और 'तन्वी द ग्रेट' समेत चार भारतीय फिल्में सर्वश्रेष्ठ फिल्म की दौड़ में

**लॉस एंजिलिस :** 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने घोषणा की कि कन्नड़ ब्लॉकबस्टर 'कांतारा: ए लीजेंड- चैप्टर 1' और हिंदी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सहित चार भारतीय फिल्में ऑस्कर 2026 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार की दौड़ में शामिल है। इस श्रेणी में कुल 201 फिल्मों के बीच मुकाबला है। अकादमी ने बृहस्पतिवार को 98वें पुरस्कारों के लिए पात्र फिल्मों की प्रारंभिक सूची जारी की। यह सूची सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत सामान्य श्रेणियों में विचार के लिए पात्र फिल्मों की है और नामांकन की घोषणा से पहले का चरण है। नामांकन की घोषणा 22 जनवरी को की जाएगी। ऋषभ शेट्टी अभिनीत 'कांतारा' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' के अलावा सूची में शामिल अन्य भारतीय फिल्मों में बहुभाषी एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' और अभिशान जीविंत की तमिल फिल्म 'टूरिस्ट फैमिली' शामिल हैं। इसके अलावा, ब्रिटेन और भारत के सहयोग से निर्मित राधिका आप्टे अभिनीत हिंदी भाषी फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' भी इस सूची में जगह बनाने में सफल रही है। एकेडमी के अनुसार, कुल 317 फिल्में 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए पात्र हैं, जिनमें से 201 फिल्में सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में विचार के लिए आवश्यक अतिरिक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं। हालांकि, प्रारंभिक सूची में शामिल होना नामांकन की गारंटी नहीं है और फिल्मों को अभी अकादमी की मतदान प्रक्रिया से गुजरना होगा। सामान्य श्रेणियों में पात्रता के लिए फिल्मों का एक जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के बीच अमेरिका के छह महानगरीय क्षेत्रों लॉस एंजिल्स काउंटी, न्यूयॉर्क सिटी, बे एरिया, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा में से किसी एक में सिनेमाघर में प्रदर्शित होना जरूरी है। साथ ही, उन्हें उसी सिनेमाघर में लगातार कम से कम सात दिन तक दिखाया जाना चाहिए।

## जब्त टैंकर के दो रूसी चालक दल सदस्यों को रिहा करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत: रूस

**मॉस्को :** अमेरिकी सुरक्षा बलों द्वारा जब्त टैंकर मेरिनेरा पर सवार तीन भारतीयों सहित चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता की स्थिति के बीच रूस ने शुक्रवार को अमेरिका के उस फैसला का स्वागत किया जिसमें जहाज में सवार उसके दो नागरिकों को रिहा करने का फैसला किया गया है। उत्तरी अटलांटिक महासागर में अमेरिकी तटरक्षक बल ने रूसी ध्वज वाले टैंकर मेरिनेरा (जिसे पहले बेला-1 के नाम से जाना जाता था) को बुधवार को जब्त कर लिया था। इस पर 17 यूक्रेनी नागरिक, छह जॉर्जियाई नागरिक, तीन भारतीय नागरिक और दो रूसी नागरिक सवार थे।'' रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने एक बयान में कहा, ''हमारे अनुरोध के जवाब में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी अटलांटिक में एक अभियान के दौरान अमेरिका द्वारा जब्त किये गए टैंकर मेरिनेरा के चालक दल के दो रूसी नागरिकों को रिहा करने का फैसला किया है।''

## अमेरिका ने वेनेजुएला में तेल वितरण पर नियंत्रण स्थापित करने के प्रयास में पांचवें टैंकर को रोका

**वाशिंगटन :** अमेरिकी सेना ने कैरेबियन सागर में शुक्रवार को तेल के एक और टैंकर पर कब्जा कर लिया। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से आने-जाने वाले प्रतिबंधित टैंकरों को निशाना बनाना जारी रखे हुए है। अमेरिकी दक्षिणी कमान के अनुसार, अमेरिकी मरीन और नौसेना द्वारा तड़के यह कार्रवाई की गई। कमान ने ओलिना नामक जहाज को जब्त करने की घोषणा करते हुए कहा, ''अपराधियों के बचने के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है।'' दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर को पोत पर उतरते हुए और अमेरिकी कर्मियों द्वारा पोत की तलाशी लेते हुए देखा जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3317

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | | 4 | | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | 11 | 12 |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ | 24 | ■ | | ■ |
| 25 | ■ | | ■ | 26 | | | ■ | 27 | 28 |
| 29 | | | | | ■ | 30 | 31 | | |
| | ■ | | ■ | 32 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 2) उपेक्षित; अलग, 5) आवेदनपत्र, 6) संन्यासी, 7) एक पक्षी 8) दुष्कर्म 9) गधा, 11) पक्षियों की विष्ठा, 13) मृत्यु-देवता, 15) अगर, 17) धब्बा, 19) बहादुरी, 20) अफ़वाहबाज़, 22) भीड़, 26) नरम, 27) काबू, 29) लेखक, 30) उलटा, 32) अगुआ.

*ऊपर से नीचे:-* 1) गंगा का एक नाम, 2) करुणाजनक, 3) आसक्ति, 4) नपुंसक, 5) एक भाषा, 10) ख़ौफ, 12) झोपड़ा, 14) महानता, 16) इच्छा; मन, 18) शोक; दुःख, 21) समानता, 23) बाढ़ग्रस्त, 24) बिदाई, 25) बनावटी, 26) समूह गान, 28) सावधान, 31) डैना.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ग्र | ज | ■ | अ | ■ | त | र | क़ी | ब |
| गु | ■ | वा | च | ना | ल | य | ■ | मा | ल |
| आ | गा | ह | ■ | म | ग्न | ■ | क | ■ | बू |
| ई | ■ | र | स | ■ | ■ | को | ल | का | ता |
| ■ | लै | ला | म | ज | नू | ■ | र | ■ | ■ |
| शु | ■ | ल | य | ■ | त | त्वा | व | धा | न |
| रु | ग्ण | ■ | सू | ज | न | ■ | ■ | ■ | व |
| आ | ■ | प्रा | ची | न | ■ | स | ना | त | नी |
| त | रु | ण | ■ | ता | ज्जु | ब | ■ | प | त |

## सुडोकू-पहेली-3275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | 3 | 6 | |
| 9 | | | | | 6 | | | 8 |
| 1 | | | | 9 | 2 | | 8 | 6 |
| | 6 | | | | 8 | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | |
| 2 | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 9 | | | 1 | | | |
| 6 | | 7 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3274 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 4 | 5 | 3 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 8 |

# दिल्ली के जमींदारों के आगे नहीं झुकेगा बंगाल : अभिषेक बनर्जी

❑ **आई पैक पर ईडी की छापेमारी को लेकर तृणमूल नेता ने केंद्र पर साधा निशाना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को नदिया के ताहेरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आई पैक के कार्यालय और इसके मुख्य संचालक प्रतीक जैन के आवास पर हुई ईडी की छापेमारी पर तीखा प्रहार किया। अभिषेक ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग लोकतंत्र की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है, लेकिन बंगाल की जनता 'दिल्ली के जमींदारों' के सामने कभी आत्मसमर्पण नहीं करेगी। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि उक्त संस्था पर छापेमारी इसलिए की गई क्योंकि वह संगठन चुनाव में तृणमूल की सहायता कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था ने जनसंपर्क के लिए आधुनिक तकनीक विकसित की है और वह मतदाता सूची के विशेष सर्वेक्षण कार्य में लोगों की मदद कर रही है। भाजपा को भय है कि निर्धनों को उनका अधिकार मिल जाएगा, इसलिए उन्होंने जांच एजेंसियों को भेजकर डराने का प्रयास किया है। उन्होंने आगे कहा कि उनके माता-पिता, पत्नी और बच्चों तक को प्रताड़ित किया गया है, लेकिन उनका स्वाभिमान बिकाऊ नहीं है।

❑ **ईडी कार्रवाई और नागरिकता पर सवाल**

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा एक तरफ लोगों की नागरिकता पर सवाल खड़े कर रही है और दूसरी तरफ सीबीआई-ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर मौजूदा सरकार को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग है। अभिषेक ने कहा कि दिल्ली के जल्लादों के सामने झुकने के लिए हमें मजबूर किया जा रहा है, लेकिन बंगाल झुकेगा नहीं। भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बंगाल में कौन किसे जेल भेजेगा, यह चुनाव के दिन साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सारी साजिशें नाकाम होंगी। जनता ही तय करेगी कि किसे सत्ता में रहना है और किसे बाहर जाना है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि मतपेटी खुलते ही भाजपा को समझ आ जाएगा कि बंगाल में कौन किसे जेल भेजेगा।

❑ **मतुआ समाज को लेकर दोहरी राजनीति करने का आरोप**

उन्होंने भाजपा नेता शांतनु ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि मतुआ परिवारों के नामों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। क्या मतुआ अवैध हैं और शांतनु ठाकुर और अमित शाह वैध? अभिषेक ने भाजपा पर मतुआ समाज को लेकर दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाया।

❑ **जिले की सभी 17 सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित की अपील**

अभिषेक बनर्जी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में नदिया जिले की सभी 17 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश में चौथी बार सरकार बनाने में जनता सहयोग करे ताकि इन समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

## ईडी की छापेमारी में ममता के दखल के खिलाफ भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की

❑ **प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से ममता के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की मांग की**



**कोलकाता, समाज्ञा :** आई-पैक के परिसरों पर ईडी की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कथित दखलंदाजी के खिलाफ प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपकर इसकी शिकायत करते हुए कोयला घोटाले मामले में छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री के व्यवहार को संवैधानिक मर्यादा व पद का गंभीर उल्लंघन बताया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस मामले में ममता के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पांच भाजपा नेता शामिल थे, जिसमें पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी, शिशिर बाजोरिया, शशि अग्निहोत्री, इंद्रनील खान और फाल्गुनी पात्रा हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता पुलिस द्वारा ईडी रेड वाली जगह से कथित तौर पर कागजात व फाइल हटाने पर भी चिंता जताई। राज्यपाल को सौंपे पत्र में भाजपा ने सवाल उठाया है कि पुलिस अधिकारियों ने एक निजी फर्म में केंद्रीय एजेंसी की रेड में दखल क्यों दिया। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने और उनसे राज्य प्रशासन से पूरी घटना पर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगने की भी अपील की।

# राज्यपाल को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

❑ **आधी रात को सुरक्षा बलों ने की आपातकालीन बैठक**

❑ **पुलिस ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को जान से मारने की धमकी भेजने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। लोक भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी को गुरुवार की देर रात कोलकाता के पास सॉल्टलेक इलाके से पकड़ा गया है, और अब उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी का नाम सुब्रत दत्ता रॉय (68) है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी ने न केवल ईमेल के माध्यम से बल्कि लोक भवन के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर भी धमकी भरे मैसेज भेजे थे। घटना की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात राज्यपाल को एक ईमेल मिलने के बाद धमकी का पता चला, जिसमें उन्हें बम से उड़ाने के प्रयास की चेतावनी दी गई थी। बताया जाता है कि मैसेज भेजने वाले ने अपना मोबाइल नंबर भी मैसेज में लिखा था। वहीं, धमकी के बाद से ही राज्यपाल बोस के आसपास सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई है। उन्हें पहले से ही जेड-प्लस सुरक्षा प्राप्त है, और अब उनकी सुरक्षा के लिए लगभग 60 से 70 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल और लोक भवन के आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए आधीर रात को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

### जान से मारने की धमकी जनता की सेवा से नहीं रोक सकती : राज्यपाल



राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को कहा कि ईमेल के जरिए मिली जान से मारने की धमकी उनके 'बंगाल के आम लोगों' के लिए काम करने के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकती। राज्यपाल ने दावा किया कि यह धमकी 'बंगाल के आम लोगों के लिए मेरी लड़ाई को रोकने की कोशिश' है और इससे पहले भी उन्हें ऐसे खतरे मिल चुके हैं। राज्यपाल बोस ने कहा कि वह सुरक्षा गार्ड के बिना भी कोलकाता की सड़कों पर उतरेंगे और बंगाल के लोग उनकी रक्षा करेंगे। बंगाल मेरा घर है, मैं बंगाल का बेटा हूं। मैं इस धरती के लिए अपनी जान देने से नहीं डरता। राज्यपाल ने पिछले वर्ष मुर्शिदाबाद दौरे का हवाला देते हुए बताया कि उस समय किसी ने उन्हें एक जिंदा देशी बम थमा दिया था, जिसे उनके एडीसी ने तुरंत लेकर पानी से भरे टब में रख दिया था। उन्होंने इसे बाल-बाल बचने की घटना बताया।

## 'कोयला घोटाले में 20 करोड़ रुपये हवाला के जरिए बंगाल से गोवा भेजे गए', आई-पैक पर ईडी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सहित कई राजनीतिक दलों के लिए काम करने वाली कंसल्टेंसी फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) ने 2021 से 2022 के बीच गोवा में '20 करोड़ रुपये की अपराध से कमाई गई रकम' का इस्तेमाल किया, यह आरोप प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दायर एक रिट याचिका में लगाया है।

ईडी के अनुसार, यह 'अपराध की कमाई' पश्चिम बंगाल में संगठित सिंडिकेट द्वारा की गई अवैध कोयला खुदाई से हुई थी, जिसका कथित नेतृत्व अनुप माजी कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि यह पैसा कोलकाता की फर्म आर. कांतीलाल और कई अन्य हवाला ऑपरेटरों के जरिए घुमाया गया और फिर आई-पैक और उसके निदेशक प्रतीक जैन तक पहुंचा, ताकि 2022 में चुनाव वाले तटीय राज्य गोवा में इसका इस्तेमाल किया जा सके।

### ईडी की कार्रवाई को आई-पैक ने बताया 'असहज करने वाला कदम'

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी किए जाने के एक दिन बाद, राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक ने इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संस्था ने ईडी की कार्रवाई को लेकर गंभीर चिंता जताई और इसे एक परेशान करने वाली मिसाल बताया। शुक्रवार को आई-पैक की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ईडी के अधिकारियों ने कोलकाता स्थित आई-पैक के कार्यालय और निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी ली। आई-पैक जैसी एक पेशेवर संस्था के लिए यह दिन कठिन और दुर्भाग्यपूर्ण रहा। संस्था का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई कई अहम सवाल खड़े करती है और भविष्य के लिए असहज करने वाला उदाहरण पेश करती है। संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमने जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग दिया है और आगे भी कानून के प्रति पूर्ण सम्मान रखते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत सहयोग करते रहेंगे। हमने अपने कार्यों में हमेशा उच्चतम स्तर की पेशेवर ईमानदारी और नैतिक मानकों का पालन किया है। कल जो कुछ भी हुआ उसके बावजूद हम अपने काम को बिना किसी भय या विचलन के, पूरी प्रतिबद्धता, निरंतरता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ाते रहेंगे। हमारी प्रतिबद्धता उसी उद्देश्य से निर्देशित रहेगी, जिसने शुरुआत से ही आई-पैक को आकार दिया।

# आई-पैक के बैंक खाते में हवाला के जरिए जमा किए गए करोड़ों रुपये : शुभेंदु अधिकारी

❑ **ईडी की छापेमारी के बाद विपक्ष के नेता का बड़ा दावा**

❑ **छापेमारी के दौरान दखलअंदाजी को लेकर ममता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की**



**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी की छापेमारी पर मचे घमासान के बीच विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और उसके लिए काम करने वाली आई-पैक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में शुभेंदु ने दावा किया कि आई-पैक के बैंक खाते में हवाला के जरिए 16 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे। तृणमूल व ममता सरकार को घेरते हुए शुभेंदु ने आगे दावा किया कि 2021 में एक निजी एजेंसी को 170 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया था और उस राशि में से कथित तौर पर 16 करोड़ रुपये काकद्वीप के एक बैंक से आई-पैक के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। शुभेंदु ने लेन-देन से जुड़े विशिष्ट चेक नंबरों का भी हवाला दिया। शुभेंदु ने ईडी की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कथित दखलअंदाजी को जघन्य अपराध बताते हुए उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग भी दोहराई। शुभेंदु ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जांच में जिस प्रकार दखल दिया और फाइलें छीनकर ले गईं, यह घटना कानून का गंभीर उल्लंघन है। शुभेंदु ने ममता पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जो कुछ किया वह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में पिछले 15 वर्षों से ममता बनर्जी के शासनकाल के दौरान ईडी, सीबीआई, एनआईए और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ विरोध के नाम पर तृणमूल कांग्रेस जिस तरह का माहौल बना रही है, वह कानून और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति असम्मान दर्शाता है। इसके साथ ही भाजपा नेता ने केंद्र के जल जीवन मिशन में बंगाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उनके अनुसार, बंगाल को इस योजना के तहत केंद्र से लगभग 8,000 करोड़ रुपये मिले, लेकिन जमीन स्तर पर कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने इसकी भी जांच की मांग की।

## रेत चोरी मामले में ईडी ने 8.26 करोड़ की 149 अचल संपत्तियां की जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में रेत की चोरी का खेल चलता रहा। एक ई-चालान से दो बार माल भेज कर अवैध कमाई की गई। सरकारी राजस्व को जमकर नुकसान पहुंचाया गया। अवैध खनन के अलावा गैर कानूनी तरीके से ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल किया गया। रेत चोरी का सटीक अनुमान लगाने के लिए सरकारी विभाग 'सीपीडब्ल्यूडी' की मदद ली गई। पर्याप्त सबूत मिलने के बाद ईडी ने इस मामले में कार्रवाई की। जांच एजेंसी ने 8.26 करोड़ रुपये की 149 अचल संपत्तियां जब्त कर ली है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने राज्य पुलिस द्वारा रेत की चोरी, अवैध खनन, रेत के अवैध कब्जे और परिवहन के संबंध में दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। विभिन्न संस्थाएं कथित तौर पर फर्जी/जाली सड़क ई-चालानों का उपयोग करके रेत की चोरी और बिक्री में शामिल थीं। ईडी की जांच में आरोपी संस्थाओं द्वारा अपनाए गए तौर-तरीकों का पता चला है। अरुण सराफ के नेतृत्व वाली मेसर्स जी डी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड पर रेत की चोरी, अवैध परिवहन, भंडारण और जाली ई-चालानों के माध्यम से बिक्री, एक ही चालान से दो बार माल भेजना आदि का आरोप है। इन अपराधों से करोड़ों की भारी धनराशि (पीसी) अर्जित की गई है। इस अवैध तरीके का इस्तेमाल करके, आरोपी संस्थाओं ने बड़े पैमाने पर रेत की चोरी, परिवहन और अवैध बिक्री की, जिसके परिणामस्वरूप आरोपियों ने अनुचित रूप से धन अर्जित किया। इन जमा राशि का उपयोग मेसर्स जी डी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड और उसकी समूह संस्थाओं के नाम पर विभिन्न संपत्तियों की खरीद के लिए किया गया है, जिन्हें ईडी ने अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

# ममता की आपत्ति के बावजूद बहुमंजिला आवासों में बूथ बनाने पर अडिग चुनाव आयोग, फिलहाल 69 इमारतें चिन्हित

**कोलकाता :** राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कड़ी आपत्ति के बावजूद बहुमंजिला आवासों में मतदान केंद्र (बूथ) बनाने के फैसले पर चुनाव आयोग अडिग नजर आ रहा है। शुक्रवार के बाद इस दिशा में प्रक्रिया और तेज हो गई है। चुनाव आयोग ने इस मुद्दे पर राज्य के विभिन्न जिलों से रिपोर्ट तलब की थी। शर्त यह रखी गई थी कि जिन बहुमंजिला आवासों में 300 या उससे अधिक मतदाता रहते हैं, उनकी विस्तृत जानकारी भेजी जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, अब तक राज्य के सात जिलों से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक, इन सात जिलों में कुल 69 बहुमंजिला आवास ऐसे पाए गए हैं, जहां 300 या उससे अधिक मतदाता निवास करते हैं। इन सभी आवासों में भविष्य में अलग मतदान केंद्र बनाए जाने की संभावना है। जिला-वार आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण कोलकाता में 2, उत्तर कोलकाता में 8, दक्षिण 24 परगना में सबसे अधिक 25, उत्तर 24 परगना में 22, हावड़ा में 4, पूर्व बर्धमान में 3 और हुगली जिले में 5 बहुमंजिला आवास चिन्हित किए गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि आयोग का तर्क है कि बड़ी संख्या में मतदाता एक ही परिसर में रहने की स्थिति में वहीं बूथ बनाने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और मतदाताओं की सुविधा भी होगी। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए आशंका जताई थी कि इससे मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और कुछ खास इलाकों को अनुचित लाभ मिल सकता है। फिलहाल आयोग की ओर से प्राप्त रिपोर्टों का परीक्षण किया जा रहा है। शेष जिलों से रिपोर्ट आने के बाद अंतिम सूची तैयार की जाएगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

# अवैध मिट्टी कटाई और भंडारण पर हाईकोर्ट सख्त, जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** अवैध रूप से मिट्टी काटने और उसे ईंट-भट्टों में जमा करने के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने निर्देश दिया है कि तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट अदालत में दाखिल करनी होगी, इसके बाद ही मामले की अगली सुनवाई होगी।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से पूछा कि क्या इस विषय में सभी जिलों को आवश्यक नोटिस भेजे गए हैं या नहीं। इसके बाद अदालत ने आदेश दिया कि प्रत्येक जिले से अवैध मिट्टी कटाई और उसके भंडारण की स्थिति पर समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

यह मामला एक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी काटी जा रही है और उसे ईंट-भट्टों में अवैध रूप से संग्रहित किया जा रहा है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।


उल्लेखनीय है कि इससे पहले 26 जून 2025 को हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर एक सर्कुलर जारी करने का निर्देश दिया था। उस सर्कुलर में स्पष्ट कहा गया था कि राज्य में कहीं भी अवैध रूप से मिट्टी काटने या उसे ईंट-भट्टों में जमा करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि आरोप है कि इस सर्कुलर के बावजूद अवैध गतिविधियां जारी हैं।

याचिकाकर्ता ने अदालत में यह भी आरोप लगाया कि जलंगी नदी के किनारे मिट्टी कटाई के कारण करीब दो से ढाई हजार फीट तक गहराई बन चुकी है। इसके चलते हर साल इलाके में बाढ़ की स्थिति बन रही है और बाढ़ पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया है।

इन सभी आरोपों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने जिलाधिकारियों से समयबद्ध रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने संकेत दिया है कि रिपोर्ट की समीक्षा के बाद आगे कड़ी कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

# ममता का आचरण शर्मनाक और असंवैधानिक, लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया : रविशंकर प्रसाद

❑ **ईडी की रेड के विरोध को लेकर ममता पर भड़के भाजपा नेता**



**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को बंगाल में जो हुआ, वह आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ। ममता का पूरा काम न सिर्फ अनैतिक, गैर-जिम्मेदार और असंवैधानिक है, बल्कि उन्होंने पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शर्मसार कर दिया है। इस दिन, रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आजाद भारत के बंगाल में जो हुआ, वो आज तक नहीं हुआ। एक निजी प्रॉपर्टी में, जहां ईडी की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग पर कार्रवाई चल रही थी, वहां एक मौजूदा मुख्यमंत्री चली जाएं और ईडी के लोगों को धमकाएं और पेपर छीनकर चली जाएं। कोयले की स्मगलिंग और हवाला ट्रांजैक्शन को लेकर ईडी कार्रवाई कर रही है, जिसके तहत कई जगह रेड हुई। प्रतीक जैन की कंसल्टेंसी फर्म को लेकर शिकायत आई कि यहां से करोड़ों रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ है। उन्होंने कहा कि ये हम नहीं कह रहे हैं, ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है, जो उनकी वेबसाइट पर मौजूद है। ममता बनर्जी के राज में पश्चिम बंगाल का हाल बेहाल हो गया है। आपको मालूम है कि बंगाल कोयले की स्मगलिंग का एक बहुत बड़ा हॉट स्पॉट है, जिसमें सत्ताधारी दल के लोग भी शामिल हैं। रविशंकर ने कहा कि मैं आपको बता दूं कि ये रेड न तो ममता बनर्जी के घर पर थी, न उनके दफ्तर में, न ही टीएमसी के दफ्तर में और न ही टीएमसी के किसी नेता या मंत्री के घर पर थी। ये रेड एक निजी कंसल्टेंसी फर्म पर थी, जिसके यहां करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत आई थी। ऐसे में ममता बनर्जी अपने पुलिस अधिकारियों के साथ जाती हैं और ईडी के लोगों को धमकाया जाता है। ममता बनर्जी उनसे बहस करती हैं और पेपर छीन कर चली जाती हैं। उनका आचरण न केवल अमर्यादित और शर्मनाक है, बल्कि उन्होंने इससे संवैधानिक मर्यादाओं को भी तार-तार किया है। उन्होंने पूछा कि मुख्यमंत्री ममता, आपको इतनी घबराहट क्यों है? आप 14 साल से मुख्यमंत्री रही हैं, केंद्रीय मंत्री भी रह चुकी हैं और गवर्नेंस समझती हैं। आपने सारे नियमों, कानूनों और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करके वहां जाना जरूरी समझा, तो वहां कुछ ऐसा संदिग्ध था जिसे निकालना आवश्यक था। भाजपा नेता ने कहा कि ममता ने कॉन्ट्रैक्ट लिया हुआ है कि बंगाल में कोई जांच नहीं होने देंगी? बंगाल के भ्रष्टाचार में किसी भी सीबीआई और ईडी की जांच नहीं होने देंगी, क्योंकि हर जगह उनके सिस्टम के पांव फैले हुए हैं। हम इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं।

स्थापित-१९९० ।। सेवा ही परम धर्म ।। रजि० संख्या- एस/64811

गंगासागर तीर्थ यात्री सेवा शिविर - २०२६

साहू समाज

मध्य कलकत्ता साहू समाज

१०६ / २ए, राजा राम मोहन सरणी, कलकत्ता - ७०० ००९

(पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा से समबद्ध संस्था)

उद्घाटन समारोह : शनिवार १० जनवरी २०२६ साय ३.०० बजे समापन समारोह : शुक्रवार १६ जनवरी २०२६ साय ३.०० बजे

स्थान : आउट राम घाट (मोहन बगान मैदान के पीछे) इडेन गार्डेन गेट न० १के सामने में, कैंप नं-२९

महोदय,

मध्य कलकत्ता साहू समाज सेवा कार्यो में एक अग्रणी संस्था है। हम विगत ३६ वर्षो से गंगा सागर तीर्थ यात्रियों को विविध सेवार्थ गंगा सागर सेवा शिविर का आयोजन आप सभीके सहयोग से करते आ रहे है।

आप सभी धर्म प्रेमी सज्जन, मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग हेतु सेवा शिविर उद्घाटन कार्यक्रम मे स्वपरिवार आमंत्रित है।

उदघाटन कर्ता: श्री रूपचन्द्र प्रसाद (अध्यक्ष पं० ब० तैलिक साहू सभा) विशिष्ट अतिथि : श्री दिलीप घोष (पूर्व सांसद, अध्यक्ष भा. ज. पा, पं० ब.०)

सभापति: श्री शम्भुनाथ गुप्ता (चेयरमैन, मध्य कलकत्ता साहू समाज) प्रधान वक्ता: श्री राजेन्द्र प्रसाद साव (महामंत्री, साहू समाज ट्रस्ट)

भगवान दास आर्य (चेयरमैन, सलाहकार समिति, पं० ब.० तैलिक साहू सभा)

: अतिथिगण:

श्री एम. एल. साव (कार्यवाहक अध्यक्ष, पं० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री शिव शंकर गुप्ता (महामंत्री, पं० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री सुरेश कुमार गुप्ता (कोषाध्यक्ष, पं० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री रविन्द्र नाथ गोराई (सलाहकार अ. भा. तैलिक साहू महासभा)
श्री अनिल राय (सम्पादक समज्ञा), श्री खीरु साव (समाजसेवी)
श्री तारक नाथ त्रिवेदी (अध्यक्ष संयुक्त समिति)
श्री शम्भु प्रसाद साव (प.ब. तैलिक साहू सभा),
श्री इन्द्रदेव गुप्ता (साहु समाज ट्रास्ट)
श्री विजय साव (सचिव बंग साहू समाज)
श्री अशोक कुमार साव (हावड़ा साहू समाज)
श्री शंकर गुप्ता (अध्यक्ष भवानीपुर साहू समाज प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री सरजू प्रसाद साव , श्री बिहारी साव (खड़गपुर)
श्री अशोक कुमार साव (कनकदुर्गा)
श्री दुर्गाप्रसाद साव (अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ प.ब. तैलिक साहू सभा)
श्री नकुल शाह (टालीगंज कल्यान समिति)
श्री रामचन्दर साव (जय माता दी सेवा समिति, पाठकपाड़ा)
श्री प्रभुनाथ साव (जय माता दी सेवा समिति, पाठकपाड़ा)
श्री रंजीत कुमार साव (सचिव, कांकिनाड़ा साहू समाज ट्रस्ट)
श्री गणेश साव (सल्टलेक साहू समाज)
श्री रामजीत साव (गुआ बगान), श्री धनंजय गुप्ता (शिलिगुड़ी)
श्री जगदीश शाह , श्री सीताराम शाह, (दुर्गापुर)
श्री सुखदेव साव (अध्यक्ष, बाकड़ा साहू समाज)
श्री अनिल साव (अध्यक्ष हावड़ा भारतीय साहू समाज)
श्री विनोद साव (हावड़ा साहू समाज)
श्री राम लखन गुप्ता (बाबा नायक धाम ट्रस्ट)

श्री विजय गुप्ता (अध्यक्ष साहू विकाश संघ)
श्री रामजीत प्रसाद (गार्डेनरीच-महेशतला साहू समाज)
श्रीमती पुष्पा गुप्ता (अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्रीमती कंचन गुप्ता (सचिव महिला प्रकोष्ठ प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री धनंजय गुप्ता (अध्यक्ष कोलकात्ता जिला प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री राजकुमार साव (अध्यक्ष हावड़ा जिला प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री पिन्टु साव (अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री संजय साव (अध्यक्ष द० २४ परगना प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री कृष्णा कुमार गुप्ता (अध्यक्ष उ० २४ परगना प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री पवन गुप्ता (अध्यक्ष हुगली जिला प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री राज कुमार साव (अध्यक्ष पूर्व एवं पश्चिम बर्धमान जिला प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री रूप कुमार साव (अध्यक्ष मेदीनीपुर (पूर्व एवं पश्चिम) प० ब० तैलिक साहू सभा)
श्री विकाश जायसवाल (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री शिशिर गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री अमित जैन (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री संदीप शाह (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री अनिल साई (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री लालता प्रसाद गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री राजेश साव (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी, राज ट्रेडिंग)
श्री जयप्रकाश गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री आनन्द प्रकाश गुप्ता (प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी)
श्री राकेश कुमार साव (अध्यक्ष माठपुकुर साहू समाज)
श्री दयाचंद गुप्ता (अध्यक्ष तपसीया-तिलजला साहू समाज)
श्री भोला गुप्ता (अध्यक्ष साहू विकाश फाउन्डेशन)
श्री सुरेश गुप्ता (अध्यक्ष धापा साहू समाज)
श्री दिलीप गुप्ता (अध्यक्ष गार्डेनरीच-महेशतला साहू समाज)
श्री अशोक साव (अध्यक्ष कलकत्ता साहू विकाश ट्रस्ट)

सहयोगी संस्था : जय माता दी सेवा समिति, माठपुकुर साहू समाज, बाबा नायक धाम ट्रस्ट, साल्टलेक साहू समाज, साहू विकाश संघ, गार्डेनरीच-महेशतला साहू समाज बंग साहू समाज, बांकड़ा साहू समाज, हावड़ा भारतीय साहू समाज, हावड़ा साहू समाज, भवानीपुर साहू समाज, साहू विकाश फाउन्डेशन एवं सभी साहू समाज के आंचलिक संस्थए।

आप की उपस्थिति, मार्ग दर्शन एवं आर्थिक सहयोग हेतु सभी कार्यक्रमों में प्रतिदिन सेवार्थ आमंत्रित है।

चेयरमैन श्री शम्भूनाथ गुप्ता | अध्यक्ष श्री गोवर्धन गुप्ता | कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार गुप्ता | महामंत्री श्री महेन्द्र गुप्ता | कोषाध्यक्ष श्री संतोष कुमार गुप्ता

# अवैध निर्माण से मकान को नुकसान, श्रीरामपुर के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का हाईकोर्ट का आदेश

**कोलकाता :** कोलकाता और आसपास के इलाकों में अवैध निर्माण के कारण मकानों में दरारें पड़ने और दीवारें झुकने की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं। अब ऐसा ही एक मामला हुगली जिले के श्रीरामपुर में सामने आया है। अवैध निर्माण के चलते एक परिवार के घर को हुए नुकसान के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है।



श्रीरामपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 15 स्थित एस.सी. घोष लेन में एक निजी आवासीय परियोजना का निर्माण कार्य शुरू होते ही आसपास के कई मकानों में दरारें दिखाई देने लगीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रभावशाली प्रमोटर के डर से कई निवासी खुलकर विरोध नहीं कर सके। निर्माण स्थल से सटे देवप्रसाद बसाक के मकान को सबसे अधिक नुकसान हुआ। उनका कहना है कि निर्माण शुरू होते ही घर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर क्षति होने लगी।

देवप्रसाद बसाक ने कई बार नगरपालिका से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार वर्ष 2023 में उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पहले न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश दिया, जिसे बाद में न्यायमूर्ति कौशिक चंद्र ने भी बरकरार रखा।

इसके बावजूद आरोप है कि श्रीरामपुर नगरपालिका ने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया। उल्टे निर्माण कंपनी के मालिक संतोष चौधरी ने फैसले को चुनौती दी, जिसे सिंगल बेंच ने खारिज कर दिया। बाद में मामला डिवीजन बेंच तक पहुंचा, जहां न्यायमूर्ति देबांशु बसाक की पीठ ने तथ्य छिपाने के आरोप में निर्माण कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी।

इसके बाद न्यायमूर्ति कौशिक चंद्र की अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई, लेकिन राज्य सरकार के नए कानून का हवाला भी स्वीकार नहीं किया गया। प्रभावित परिवार की ओर से अधिवक्ता आशीष कुमार चौधरी ने अदालत में कहा कि अवैध निर्माण के कारण ही मकान को नुकसान हुआ है और उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

अदालत के निर्देश पर एक निष्पक्ष एजेंसी से नुकसान का आकलन कराया गया। रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने श्रीरामपुर के प्रभावित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। साथ ही अदालत ने कहा कि अवैध निर्माण के मामले में राज्य के नए कानून के तहत आगे की कार्रवाई का निर्णय श्रीरामपुर नगरपालिका को लेना होगा।

## नड्डा ने एम्स-कल्याणी में 40 करोड़ की लागत से निर्मित स्वास्थ्य सुविधाओं का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने नदिया जिले में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-कल्याणी में 40 करोड़ रुपये लागत से निर्मित चिकित्सा सुविधाओं का शुक्रवार को उद्घाटन किया। एम्स-कल्याणी में विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग, ट्रॉमा एवं आपातकालीन चिकित्सा विभाग और एक न्यूमेटिक ट्यूब सिस्टम सुविधाओं का उद्घाटन किया गया। एक बयान के अनुसार, इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार और राणाघाट के सांसद जगन्नाथ सरकार मौजूद थे। संस्थान के अपने दौरे के दौरान, नड्डा ने वरिष्ठ अधिकारियों और संकाय सदस्यों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और आंतरिक रोगी विभागों का भी निरीक्षण किया। बयान में कहा गया है कि उन्होंने मरीजों, छात्रों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत भी की।




### अरुधा एसआईएफ ने अरुधा हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड के साथ पहली एसआईएफ स्ट्रैटेजी की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन म्यूचुअल फंड की अरुधा एसआईएफ ने अपनी पहली एसआईएफ स्ट्रैटेजी 'अरुधा हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक इंटरवल इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी है, जिसका उद्देश्य बेहतर रिस्क मैनेजमेंट के साथ टैक्स के बाद आकर्षक रिटर्न प्रदान करना है। स्ट्रैटेजी के तहत शॉर्ट से मीडियम टर्म डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में 65 प्रतिशत तक निवेश किया जाएगा, जबकि पूरी तरह हेज्ड, मार्केट-न्यूट्रल इक्विटी पोजीशन में न्यूनतम 35 प्रतिशत एलोकेशन रखा जाएगा। बंधन एएमसी लिमिटेड के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि यह फंड एचएनआई, इंस्टीट्यूशनल निवेशकों और फैमिली ऑफिस जैसे समझदार निवेशकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। स्ट्रैटेजी में हाई-क्वालिटी डेट इंस्ट्रूमेंट्स के साथ इक्विटी आर्बिट्रेज के अवसरों को जोड़ा गया है, जिससे स्थिरता, लिक्विडिटी और एक्रुअल इनकम हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक संक्रांति के अवसर पर लेकर आया त्योहारी ऑफ़र्स

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक संक्रांति के अवसर पर पूरे देश में ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए त्योहारी ऑफ़र्स लेकर आया है। इन ऑफ़र्स का उद्देश्य उत्सव को और भी आनंददायक और ग्राहकों के लिए अधिक लाभकारी बनाना है। उत्तम तिबरेवाल, कार्यकारी निदेशक एवं डिप्टी सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा: संक्रांति फसल, कृतज्ञता और नए आरंभ का उत्सव है – ये मूल्य हमारे लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में गहराई से जुड़े हुए हैं। हमें खुशी है कि हम पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए ये त्योहारी ऑफ़र्स ला रहे हैं, जिससे इस विशेष समय में रोज़मर्रा का खर्च और भी लाभकारी बन सके।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय एल्गोरिद्म सम्मेलन, वैश्विक शिक्षाविदों और उद्योग नेतृत्व का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा 7 से 9 जनवरी तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एप्लाइड एल्गोरिद्म्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। हेरिटेज परिसर में आयोजित इस सम्मेलन ने उन्नत शोध, नवाचार और अकादमिक-उद्योग सहयोग के लिए एक सशक्त वैश्विक मंच प्रदान किया। सम्मेलन को वैश्विक शोध समुदाय से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 9 देशों से 90 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्राप्त हुए।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में टीसीएस के वाइस प्रेसिडेंट एवं ग्लोबल हेड – मैन्युफैक्चरिंग एंटरप्राइज सॉल्यूशंस जयब्रत घोष ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग, एंटरप्राइज इंटेलिजेंस और इंडस्ट्री 4.0 में एप्लाइड एल्गोरिद्म्स की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अकादमिक शोध और वास्तविक उद्योग अनुप्रयोगों के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया।



सम्मेलन में आईआईटी जोधपुर के पूर्व निदेशक प्रोफेसर सांतनु चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने एल्गोरिद्मिक विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कठोर शोध, अंतःविषय नवाचार और वैश्विक सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। उद्घाटन सत्र में हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के चेयरमैन पी.आर. अग्रवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने सम्मेलन के तीसरे संस्करण के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम की सराहना की और भविष्य में ऐसे और अकादमिक प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों, कीनोट व्याख्यानों और शोध प्रस्तुतियों के माध्यम से एल्गोरिद्म्स, डेटा-ड्रिवन सिस्टम्स, कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस और वास्तविक समस्याओं के समाधान जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कोलकाता के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एप्लाइड एल्गोरिद्म्स हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की अकादमिक उत्कृष्टता, वैश्विक सहभागिता और शोध-आधारित शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह संस्थान नवाचार को प्रोत्साहित करने, विचारों के मुक्त आदान-प्रदान और उद्देश्यपूर्ण शोध के माध्यम से भविष्य को आकार देने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

### हावड़ा डिवीजन की 167वीं डीआरयूसीसी बैठक आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन की डिविजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी (डीआरयूसीसी) की 167वीं बैठक शुक्रवार को न्यू डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम विशाल कपूर एवं चेयरमैन, डीआरयूसीसी ने की। इस अवसर पर हावड़ा डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह बैठक रेलवे प्रशासन और रेल उपयोगकर्ताओं के बीच संवाद का एक प्रभावी मंच बनी। बैठक में यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, समयपालन, परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीआरयूसीसी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी के साथ कई सुझाव और प्रस्ताव रखे। बैठक के दौरान यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न सुझावों और स्टेशनों के विकास संबंधी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर हावड़ा के डीआरएम ने आश्वासन दिया कि सभी वास्तविक और व्यवहारिक प्रस्तावों की समयबद्ध तरीके से समीक्षा कर उन्हें लागू किया जाएगा। उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और बेहतर रेल सेवाएं प्रदान करने के प्रति हावड़ा डिवीजन की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## हावड़ा डिवीजन ने स्मार्ट यात्रा को बढ़ावा देने के लिए रेलवन ऐप जागरूकता अभियान चलाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने यात्रियों को डिजिटल रेलवे सेवाओं से जोड़ने और स्मार्ट यात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हरिपाल रेलवे स्टेशन पर रेलवन मोबाइल ऐप के प्रचार एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में रशीदपुर हाई स्कूल के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों ने छात्रों को रेलवन मोबाइल एप्लिकेशन की विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी और उसके उपयोग की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया। छात्रों को ऐप डाउनलोड करने, ऑनलाइन टिकट बुकिंग तथा अन्य यात्री-सुविधा सेवाओं का उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री




आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं, पीएनआर स्थिति की जांच, ट्रेनों की रियल टाइम ट्रैकिंग, रेल मदद सेवाओं का लाभ, यात्रा के दौरान भोजन ऑर्डर, तथा टिकट रद्दीकरण और रिफंड जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस ऐप के व्यापक उपयोग से स्टेशन पर टिकट काउंटरों पर भीड़ कम होगी और सेवाओं की दक्षता में वृद्धि होगी। हावड़ा डिवीजन के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर इस तरह के रेलवन प्रचार और जागरूकता अभियान लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज के सभी वर्गों तक डिजिटल रेलवे सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने 2025 में सुरक्षा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने वर्ष 2025 में यात्रियों की सुरक्षा और अपराध निवारण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेलवे के चार डिवीजनों में 79,710 मामले दर्ज किए, जिनमें 88,098 अपराधियों को गिरफ्तार और अभियोजन किया गया, और कुल जुर्माना राशि 2.65 करोड़ से अधिक वसूल की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9% अधिक है। इसके अलावा, रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) के 252 मामले दर्ज किए गए और 529 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

आरपीएफ ने वर्ष 2025 में 21 यात्रियों-केंद्रित अभियानों के माध्यम से सुरक्षा को और मजबूत किया, जिसमें प्रमुख पहलें ऑपरेशन मातृशक्ति, ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन विलेप और ऑपरेशन नार्कोस शामिल थी। महिला और बाल सुरक्षा आरपीएफ की शीर्ष प्राथमिकता रही। वर्षभर में 118 बच्चों को मानव तस्करों से बचाया गया और 58 मानव तस्करों को गिरफ्तार कर राज्य पुलिस को सौंपा गया। इसके अलावा, 17 महिलाओं को प्रसव में सहायता प्रदान की गई और 44 यात्रियों को जानलेवा परिस्थितियों से बचाया गया। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेरी सहेली पहल के तहत 354 महिला आरपीएफ कर्मियों की 15 टीमों ने काम किया और 14 लेडी स्पेशल ट्रेनों में सुरक्षा सुनिश्चित की।

वन्यजीव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ ने भी महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। वर्ष 2025 में 18 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 542 वन्य जीव और पक्षियों को बचाया गया। रेलवे अवसंरचना की सुरक्षा के लिए 17 साजिश में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और चार मामले पश्चिम बंगाल और बिहार में दर्ज किए गए। यात्री सामान चोरी के 252 मामलों में 409 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और लगभग 23.14 लाख मूल्य की संपत्ति बरामद की गई। इसके अलावा, आरपीएफ ने यात्रियों की 5,030 खोई हुई या छूटी हुई वस्तुएं, जिनकी अनुमानित कीमत 5.67 करोड़ थी, वापस दिलाई।

आरपीएफ ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत 45 मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज किए, जिनमें 61 अपराधियों को गिरफ्तार कर 793 किग्रा मादक पदार्थ बरामद किए। 11 हथियार अधिनियम के मामलों में 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 12 आग्नेयास्त्र, 160 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा, 1.32 करोड़ मूल्य का सोना, 87.94 लाख मूल्य की चांदी और 5.19 करोड़ नकद बरामद किया गया और 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

भीड़ प्रबंधन के क्षेत्र में आरपीएफ ने श्रावणी मेला (जसीडीह), गंगा सागर मेला (काकद्वीप) और त्योहारों के दौरान बड़ी भीड़ का सफल प्रबंधन किया। 2025 में आरपीएफ ने 187 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें और 171 डीएमयू/मेमू स्थानीय ट्रेनें प्रतिदिन एस्कॉर्ट कीं। इसके अलावा, वाणिज्य विभाग को टिकट रहित यात्रियों की जांच में सहयोग किया गया और 20.99 करोड़ वसूल किए गए। पूर्व रेलवे आरपीएफ में 5952 समर्पित अधिकारी और कर्मचारी 77 आरपीएफ पोस्टों के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। ए.एन सिन्हा, आईजी-कम-पी-सीएससी, आरपीएफ पूर्व रेलवे ने पूरे साल के शानदार प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई दी और आगामी वर्ष में बढ़ती चुनौतियों का सामना करने के लिए सतर्क और पेशेवर रहने की सलाह दी।

### फैशन-फॉरवर्ड टेक के साथ एआई प्लस ने कनेक्टेड जनरेशन के लिए लॉन्च की नोवावॉच स्मार्टवॉच सीरीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** एआई प्लस ने कनेक्टेड जनरेशन के लिए अपनी नई स्मार्टवॉच सीरीज 'नोव-ावॉच' का अनावरण किया है। यह सीरीज सेफ्टी, हेल्थ ट्रैकिंग और पर्सनल स्टाइल को ध्यान में रखते हुए कंपनी के कनेक्टेड डिवाइस पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाती है। पहली तिमाही 2026 में लॉन्च होने वाली नोवावॉच इस सोच को दर्शाती है कि वियरेबल टेक्नोलॉजी उपयोगी होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होनी चाहिए। नोव-ावॉच लाइनअप में एक्टिव, वेयरबड्स, किड्स जियो-फेंसिंग वॉच और इंडस्ट्री की पहली रोटेटिंग कैमरा एलटीई वॉच शामिल हैं। एक्टिव मॉडल आसान और भरोसेमंद हेल्थ ट्रैकिंग के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि वेयरबड्स में इनबिल्ट ब्लूटूथ ईयरफोन का अनोखा कॉन्सेप्ट दिया गया है। एआई प्लस के सीईओ माधव शेठ ने कहा कि नोवावॉच को यूजर्स की रोजमर्रा की जरूरतों, कंफर्ट और स्टाइल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह सीरीज 2026 की पहली तिमाही में फ्लिपकार्ट और चुनिंदा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होगी।

### कोटक अल्ट्स ने शुरू किया 'कैटलिस्ट अवॉर्ड्स'

**कोलकाता :** कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड (कोटक अल्ट्स) ने कोटक अल्ट्स कैटलिस्ट अवॉर्ड्स की शुरुआत की घोषणा की। इसका उद्देश्य भारत के सबसे बेहतरीन फाइनेंशियल वोडकास्ट को सम्मानित करना है। इस अवॉर्ड में विजेता को 25 लाख रुपये का इनाम मिलेगा। कोटक अल्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीनि श्रीनिवासन ने कहा कि, भारत इस समय फाइनेंशियल भागीदारी की सबसे बड़ी लहर देख रहा है। करोड़ों नए निवेशक इंटरनेट पर सही जानकारी ढूंढ रहे हैं, लेकिन वहां बहुत सारी अधूरी और शॉर्टकट वाली सलाह मौजूद है।

## टिकट नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, हावड़ा स्टेशन पर मैजिस्ट्रेट का सख्त अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 8 जनवरी को हावड़ा स्टेशन पर एक मैजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य टिकटिंग अनुशासन को मजबूत करना और रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। अभियान का नेतृत्व रेलवे मैजिस्ट्रेट ने किया और इसे 52 टिकट चेकिंग स्टाफ, 7 आरपीएफ कर्मियों और 1 जीआरपीएफ कर्मी की विशेष टीम का समर्थन प्राप्त था, जिससे अभियान प्रभावी और समन्वित ढंग से संचालित हो सका। अभियान के दौरान कुल 572 टिकटिंग अनियमितताएं पाई गईं। इसमें 399 टिकट रहित यात्रा के मामले, 163 अनबुक्ड सामान के मामले और 10 सफाई/फैला हुआ कचरा के मामले शामिल थे। सभी अपराधियों पर रेलवे नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया गया, जिससे स्टेशन परिसर में अनुशासन और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को बल मिला। यह अभियान हावड़ा डिवीजन की राजस्व हानि रोकने, जिम्मेदार यात्रा को बढ़ावा देने और स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्टेशन वातावरण बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### बिका बेंक्वेट बेलूर में नव-दिवसीय श्रीराम कथा का सप्तम दिवस

## बाणी को बीणा बनाओ, बाण नहीं : पं. शंभुशरण लाटा

**हावड़ा :** 'हो सके तो रामजी से सीखो कि अपने बड़ों से बात कैसे करनी चाहिए। यह बाणी दी है भगवान ने। इससे हम दूसरों को सुखी भी कर सकते हैं और दुःखी भी। हम चाहे तो इस बाणी को बीणा बनाकर उसकी झनकार से दूसरों को आनन्दित कर सकते हैं और चाहें तो बाण बनाकर उसके प्रहार से लोगों को घायल भी कर सकते हैं।' ये उद्गार श्रद्धेय पंडित शंभुशरण जी लाटा ने बिका बैंक्वेट बेलूर में धनानिया परिवार की ओर से आयोजित नव-दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगवान की अकारण कृपा के कारण हमलोग इस माघ मास में श्रीराम कथा की गंगा में गोते लगा रहे हैं। आज जो स्थिति दिख रही है उससे ऐसा लगता है कि धर्म के रास्ते पर चलने वालों की कमी हो गई है लेकिन रास्ता बताने वाले हम जैसे बहुत लोग घूम रहे हैं। हमें जीवन में कौन सा रास्ता चुनना चाहिए तो राम कथा यह बताती है कि जो वेद भगवान कहें जो वेद भगवान ने बतायें हैं उस रास्ते पर चलना चाहिए।



पं. लाटा ने विविध प्रसंगो पर उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भगवान की इच्छा के बिना भगवान को कोई जान नहीं सकता। पूजा तब ही सही मानी जाती है जब भरोसा केवल भगवान का हो संसार का नहीं। संसार की सेवा जरूर करें लेकिन यह राजी हो जायेगा तो मेरा काम हो जायेगा यह सही नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा कि दूसरे पर भरोसे की बात तो छोड़ो, भरोसे का भाव भी हृदय में लाना आपकी पूजा को विफल कर देता है। पं. लाटा ने कहा कि अपने कोई गुण न देखें। यदि गुण है तो वो भगवान का है और कोई दोष है तो वो मेरा है। जो ऐसा करने लगेगा उसको भगवान पर भरोसा होने लगेगा। उन्होंने कहा कि केवल मंदिरों में , कथाओं में जाने से या फिर दान-धर्म से भगवान नहीं मिलेंगे, वो तो मिलेंगे प्रेम से। आयोजकों ने बताया कि 11 जनवरी तक यह कथा 2.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक चलेगी।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने तीर्थयात्रियों को भेजी 2 ट्रक खाद्य सामग्रियां



**कोलकाता :** गंगासागर में तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं तैयारियों में जुटी हुई हैं। इसके तहत अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज एवं सेवा ट्रस्ट की ओर से दो ट्रक खाद्य सामग्रियां गंगा सागर मेले के लिए रवाना की गई। यह कार्य समाज के मुख्य संरक्षक जय प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन एवं महासचिव शंकर बक्श सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस सेवा अभियान में समाज के कृष्णा सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, चंद्रिका बक्श सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, अजय बहादुर सिंह, दामोदर सिंह, राकेश सिंह, प्रभुनाथ सिंह, आरपी सिंह, अरुण सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण सक्रिय रहे। गंगा सागर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के उद्देश्य से यह सामग्री भेजी गई, जो समाज की एकता, सेवा भावना और मानवता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। जय प्रकाश सिंह ने कहा, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज एवं सेवा ट्रस्ट का यह प्रयास निःस्वार्थ सेवा की मिसाल है। ऐसे कार्य समाज को नई दिशा और प्रेरणा देते हैं।

## विश्व हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन और स्वागत मानवेंद्र सिंह, वैज्ञानिक-ई/निदेशक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी ने किया। संगोष्ठी की संरक्षक डॉ. मीनाक्षी गणेसन, वैज्ञानिक-जी एवं उपमहानिदेशक (पूर्व) ने अपने व्याख्यान में विश्व हिंदी दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। इसके बाद भारत ने मॉरीशस, यूके, त्रिनिदाद और टोबैगो, अमेरिका सहित कई देशों में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस मनाने की घोषणा की। डॉ. गणेसन ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि हिंदी में कार्य करना संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है।



विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र शुक्ला, कवि, नाटककार एवं मीडिया विशेषज्ञ ने नॉर्वे में हिंदी के प्रचार-प्रसार और वैश्विक महत्व पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि डॉ. विवेक मणि त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, क्वांगतोंग विदेशी भाषा विश्वविद्यालय ने चीन और अन्य देशों में हिंदी के विस्तार और भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी बात रखी।

संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर मिश्र, वरिष्ठ प्रोफेसर (पूर्व), विश्व-भारती शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल ने वैश्विक स्तर पर हिंदी के महत्व, तकनीक के समय में इसकी संभावनाएं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में अनिद्या चक्रवर्ती, वैज्ञानिक-एफ/वरिष्ठ निदेशक, एस के दत्ता, वैज्ञानिक-ई/निदेशक, एचएमओ, एस धर, प्रमुख, कोलकाता शाखा के साथ सभी वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ऑनलाइन माध्यम से भुवनेश्वर, पटना, जमशेदपुर, रायपुर, गुवाहाटी शाखा कार्यालयों से भी अधिकारी जुड़े। संगोष्ठी का समापन डॉ. आशीष कुमार साव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, ईआरओ के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## यात्रियों के लिए खुशखबरीः हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की टाइमिंग जारी

❑ **परिवर्तन की संभावना**

**कोलकाता :** रेलवे बोर्ड ने पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के बीच रेल संपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए यात्रियों को एक बड़ा तोहफा दिया है। रेलवे ने 8 जनवरी को हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस चलाने का औपचारिक आदेश जारी किया है। इसके तहत, 27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस कामाख्या स्टेशन से शाम 18:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रंगिया स्टेशन पर 18:48 बजे पहुंचेगी और 18:50 बजे आगे के लिए रवाना होगी। इसके बाद ट्रेन न्यू बंगाईगांव में 20:08/20:10, न्यू अलीपुरद्वार में 21:23/21:25, न्यू कूचबिहार में 21:40/21:42, जलपाईगुड़ी रोड में 22:55/22:57 और न्यू जलपाईगुड़ी में 23:30/23:40 बजे रुकेगी। इसके बाद, ट्रेन अलुआबाड़ी रोड पर



00:22/00:24, मालदह टाउन में 03:25/03:35, न्यू फरक्का जंक्शन पर 04:05/04:07, अजीमगंज में 04:57/05:02, कटवा जंक्शन में 05:46/05:48, नवद्वीप धाम में 06:13/06:15 और बंडेल जंक्शन में 06:58/07:00 बजे ठहराव लेगी। अंत में यह ट्रेन सुबह 08:20 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

वहीं, दूसरी ओर, 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस हावड़ा स्टेशन से शाम 18:20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बंडेल जंक्शन में 18:56/18:58, नवद्वीप धाम में 19:36/19:38, कटवा जंक्शन में 20:03/20:05, अजीमगंज में 20:50/20:55, न्यू फरक्का जंक्शन में 21:48/21:50 और मालदह टाउन में 22:50/23:00 बजे रुकेगी। इसके बाद ट्रेन अलुआबाड़ी रोड में 00:58/01:00, न्यू जलपाईगुड़ी में 01:40/01:50, जलपाईगुड़ी रोड में 02:20/02:22, न्यू कूचबिहार में 03:30/03:32, न्यू अलीपुरद्वार में 03:48/03:50, न्यू बंगाईगांव में 05:20/05:22 और रंगिया में 06:50/06:52 बजे ठहराव लेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 08:20 बजे कामाख्या पहुंचेगी।

इस ट्रेन के वाणिज्यिक ठहराव के रूप में रंगिया, न्यू बंगाईगांव, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कूचबिहार, जलपाईगुड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, अलुआबाड़ी रोड, मालदा टाउन, न्यू फरक्का, अज़ीमगंज, कटवा, नवद्वीप धाम और बंडेल को अधिसूचित किया गया है। यह सेवा सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। कामाख्या से चलने वाली ट्रेन बुधवार को नहीं चलेगी, जबकि हावड़ा से चलने वाली ट्रेन गुरुवार को नहीं चलाई जाएगी।

मेंटेनेंस व्यवस्था के तहत इस सेवा का प्राइमरी मेंटेनेंस कामाख्या स्टेशन पर आरबीपीसी के साथ किया जाएगा। सीटीएस के लिए 27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस हेतु न्यू जलपाईगुड़ी, जबकि 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस हेतु मालदह टाउन निर्धारित किया गया है। वहीं, वॉटरिंग स्टेशन के रूप में न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, मालदह टाउन और अजीमगंज को चिन्हित किया गया है। इस पूरी सेवा के संचालन के लिए दो वंदे भारत स्लीपर रेक उपलब्ध कराई जाएंगी।

# गृह मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे तृणमूल सांसदों को लिया गया हिरासत में

## आई-पैक पर ईडी की छापेमारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे सांसदों को घसीटकर ले गई पुलिस



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए दिल्ली में गृह मंत्रालय कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे तृणमूल कांग्रेस के कई सांसदों को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया। तृणमूल नेताओं ने दावा किया कि उन्हें जबरन मौके से हटा दिया गया और घसीटकर ले जाया गया। ईडी द्वारा आई-पैक के कार्यालय और इसके प्रमुख के आवास पर छापेमारी किए जाने के एक दिन बाद तृणमूल नेताओं ने यह प्रदर्शन किया। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सांसदों को हिरासत में लेकर संसद मार्ग थाने ले जाया गया, क्योंकि गृह मंत्रालय कार्यालय के बाहर प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सांसदों को दोपहर करीब 3 बजे रिहा कर दिया। तख्तियां लिये और ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, शताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदर, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और शर्मिला सरकार ने कर्तव्य भवन में प्रवेश करने की कोशिश की, जहां गृह मंत्रालय का कार्यालय है। सांसदों को भवन में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद उन्होंने क्षेत्र खाली करने के पुलिस के अनुरोध को अनसुना करते हुए गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद, उन्हें वहां से हटा दिया गया। सांसदों ने बस से कुछ वीडियो भी साझा किए, जिनमें वे केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए नजर आए।

### दिल्ली में हमारे सांसदों के साथ हुए शर्मनाक और गलत बर्ताव की निंदा करती हूं : ममता

मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने ईडी की छापेमारी के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्टी सांसदों के साथ हुए बर्ताव की निंदा की और इसे शर्मनाक, अस्वीकार्य और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला करार दिया। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों को, उनके लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने पर सड़कों पर घसीटना कानून लागू करना नहीं है- यह वर्दी में अहंकार है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतंत्र है, भाजपा की निजी संपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र 'सत्ता में बैठे लोगों की सुविधा या आराम' पर नहीं चलता। उन्होंने भाजपा पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि जहां इसके नेता विरोध प्रदर्शनों के दौरान रेड कार्पेट और खास सुविधाओं की उम्मीद करते हैं, वहीं विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने पर घसीटा जाता है, हिरासत में लिया जाता है और अपमानित किया जाता है। ममता ने कहा कि संस्थाओं और राजनीतिक लोगों के बीच परस्पर सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप हमारा सम्मान करते हैं, हम आपका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों को अपमानित करने की कोशिशों का जवाब 'सहिष्णुता, असहमति और लोकतांत्रिक नैतिकता' से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी सरकार, कोई भी पार्टी और कोई भी गृह मंत्री यह तय नहीं कर सकता कि लोकतंत्र में कौन सम्मान का हकदार है।

## गंगासागर मेला क्षेत्र में लगी आग, कपिलमुनि मंदिर के पास कई अस्थायी शिविर खाक



❑ दमकल के 2 इंजनों ने आग पर पाया काबू, बीडीओ ने घटनास्थल का लिया जायजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में मकर संक्रांति के दिन हर साल लगने वाले गंगासागर मेला शुरू होने से बड़ा हादसा हो गया। मेला क्षेत्र में भीषण आग लग गयी। इसमें पुलिस कंट्रोल रूम और कई अस्थायी छावनियां जलकर खाक हो गयीं। घटना आश्रम से सटे नंबर-2 स्नान घाट के पास हुई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। तीर्थयात्री दहशत में आ गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह होगला पत्तियों से बने एक छावनी में सबसे पहले आग देखी गयी। तेज हवाओं के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने पहले बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। इस बीच, दमकल विभाग को भी सूचना दी। फायर ब्रिगेड के 2 इंजन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) केके राव समेत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय विधायक बंकिम चंद्र हाजरा वहां पहुंचे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दमकल विभाग ने कहा कि संभवत: शॉर्ट सर्किट या खाना बनाने के चूल्हे की वजह से आग लगी होगी।

## पूर्व रेलवे ने अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 में सेफ्टी और कमर्शियल शील्ड हासिल की

### सभी जोनल रेलवे में पूर्व रेलवे ने सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त किए



**कोलकाता :** भारतीय रेलवे द्वारा वर्ष 2025 के लिए घोषित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के अंतर्गत पूर्व रेलवे ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता का परिचय देते हुए सेफ्टी शील्ड और कमर्शियल शील्ड प्राप्त की है। यह सम्मान सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने और वाणिज्यिक प्रदर्शन में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 09 जनवरी को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और पूर्व रेलवे के प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर डॉ. उदय शंकर झा को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, सेफ्टी शील्ड पूर्व रेलवे को यात्रियों की सुरक्षा, रेल परिसंपत्तियों की रक्षा, सुरक्षित परिचालन, सतर्क निगरानी व्यवस्था और समयबद्ध कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान की गई है। वहीं, कमर्शियल शील्ड वाणिज्यिक राजस्व में वृद्धि, यात्री सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, टिकटिंग व्यवस्था में सुधार और ग्राहक-केंद्रित पहलों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान की गई है। यह उपलब्धि पूर्व रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमवर्क, प्रतिबद्धता और सतत प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। रेलवे बोर्ड

#### अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 में पूर्व रेलवे के सम्मानित पुरस्कार विजेता

रेलवे के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें अभिजीत रॉय (डिप्टी चीफ अकाउंट्स ऑफिसर - फाइनेंस एंड बजट), अभिनव बंसल (सीनियर डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर), सतीश कुमार पांडेय (पॉइंट्समैन-बी), अभिषेक दत्ता (लोको पायलट - पैसेंजर), राजीव रंजन (लोको पायलट - पैसेंजर) और अमर कुमार (ट्रैक मेंटेनर-4), शुभ्र प्रकाश रॉय (चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर), अमर चतुर्वेदी (चीफ कमर्शियल कम रिजर्वेशन सुपरवाइजर), सुशील कुमार (सीनियर सेक्शन इंजीनियर - पी वे) और सीनियर सेक्शन इंजीनियर कंचन कुमार रॉय, सिद्धार्थ रघुवंशी और नरेंद्र कुमार रवि को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही, असिस्टेंट डिविजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. तथागत दत्ता को भी सम्मानित किया गया।

न इस अवसर पर पूर्वी रेलवे के समस्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान भारतीय रेलवे में सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता और व्यावसायिक दक्षता के प्रति पूर्वी रेलवे की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ईसी/टी/टीएफपी स्ट्रिप–इक्विप/ओटी–29/25–26, दिनांक 06.01.2026,** उप मुख्य विद्युत अभियंता/ लोको, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन–743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं.: ईसी_टी_टीएफपी_ओटी–29_25–26, , अंतिम तिथि:** 28.01.2026, **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** 02 वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू)/कांचरापाड़ा संगठन, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, पूर्व रेलवे के अधीन वित्त वर्ष 2025–26 और 2026–27 के लिए कुल 231 पारंपरिक एवं 3 फेज ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोचों में मेन ट्रांसफॉर्मर यूनिट की स्ट्रिपिंग एवं इक्विपिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 15,40,077/– (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 30,800/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 05.01.2026 से 28.01.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 14.01.2026 से 28.01.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 28.01.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 28.01.2026 को अपराह्न 03.30 बजे। **वेबसाइट जहां से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 05.01.2026 से 28.01.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

MISC-355/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पश्चिम मध्य रेल**

**पत्र सं. बिकी/1402/मु–मं/डब्ल्यू सी आर ई–नीलामी/ प्रोग्राम/2025–26 दिनांक 07.01.2026**

विषय– फरवरी 2026 का ई– नीलामी कार्यक्रम। फरवरी 2026 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई– निलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार है

| सडिपुका भोपाल/ | वैगन मरम्मत शॉपकोटा/ | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|
| उप मुख्य साप्र/ भोपाल | उप मुख्य साप्र/ कोटा | व/में सा प्र/ जबलपुर | व/में सा प्र भोपाल | व/म साप्र कोटा |
| (0755-2747414) | (0744-2467082) | (0761-2623491) | (0755-4001594) | (0744-2467006) |
| 02.02.2026 | 02.02.2026 | 02.02.2026 | 02.02.2026 | 02.02.2026 |
| 04.02.2026 | 04.02.2026 | 04.02.2026 | 04.02.2026 | 04.02.2026 |
| 06.02.2026 | 06.02.2026 | 06.02.2026 | 06.02.2026 | 06.02.2026 |
| 09.02.2026 | 09.02.2026 | 09.02.2026 | 09.02.2026 | 09.02.2026 |
| 11.02.2026 | 11.02.2026 | 11.02.2026 | 11.02.2026 | 11.02.2026 |
| 13.02.2026 | 13.02.2026 | 13.02.2026 | 13.02.2026 | 13.02.2026 |
| 16.02.2026 | 16.02.2026 | 16.02.2026 | 16.02.2026 | 16.02.2026 |
| 18.02.2026 | 18.02.2026 | 18.02.2026 | 18.02.2026 | 18.02.2026 |
| 20.02.2026 | 20.02.2026 | 20.02.2026 | 20.02.2026 | 20.02.2026 |
| 23.02.2026 | 23.02.2026 | 23.02.2026 | 23.02.2026 | 23.02.2026 |
| 25.02.2026 | 25.02.2026 | 25.02.2026 | 25.02.2026 | 25.02.2026 |

उपरोक्त सभी नीलामी का स्थान, **सम्बंधित व्यक्ति –नीलामी की तिथि फरवरी 2026** नीलामी आइटम :– अनुपयोगी रेल और अन्य पी–वे सामग्री कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन अनुपयोगी रोलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग,, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट अनुपयोगी वाहन, अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप, फाउंड्री स्लैग और अन्य विविध स्क्रैप आदि। नोट– (1) ई–नीलामी की बिक्री की शर्तों, नीलामी सूची आदि के लिए और ई–नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। (2) बिक्री सामान्य और विशेष शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। (3) नीलामी सूची नीलामी से कम से कम सात दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी। (4) नीलामी के दिन अवकाश होने की स्थिति में इसे अगले दिवस पर आयोजित किया जा सकता है। (5) नीलामी बंद होने से पहले घोषणा करके नीलामी जारी रखी जा सकती है या अगले दिन आयोजित की जा सकती है।

(हस्ता.)

उपमुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**सर्कुलर रेलवे की ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पश्चिम बंगाल राज्य प्रशासन के अनुरोध के अनुसार, सर्कुलर रेलवे के किनारे गंगा नदी के विभिन्न घाटों में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मकर संक्रांति स्नान के पालन की सुविधा के लिए, दिनांक **14.01.2026 (बुधवार) को सुबह 04.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक** सर्कुलर रेलवे की निम्नलिखित ट्रेन सेवाएं निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:– **● कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** (i) 30322 हासनाबाद–बीबीडी बाग लोकल टाला होकर (टाला में सुबह 07.41 बजे), (ii) 30128 कल्याणी सीमांत–माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में सुबह 09.48 बजे), (iii) 30324 हासनाबाद–माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में सुबह 10.45 बजे), (iv) 30346 बनगाँव जंक्शन–माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में पूर्वाह्न 11.51 बजे)। **● कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरू:** (i) 30145 बीबीडी बाग–कृष्णनगर सिटी जंक्शन लोकल टाला होकर (टाला में सुबह 08.30 बजे), (ii) 30121 माझेरहाट–नैहाटी लोकल टाला होकर (टाला में पूर्वाह्न 11.41 बजे), (iii) 30333 माझेरहाट–हाबरा लोकल टाला होकर (टाला में दोपहर 12.32 बजे), (iv) 30311 माझेरहाट–बारासात लोकल टाला होकर (टाला में अपराह्न 01.36 बजे)। **● बारासात में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30344 बनगाँव जंक्शन–माझेरहाट लोकल टाला होकर (बारासात में सुबह 08.35 बजे)। **● परिवर्तित मार्ग कांकुरगाछी रोड–बालीगंज जंक्शन होकर माझेरहाट तक चलेगी:** 30142 गेदे–माझेरहाट लोकल टाला होकर [सुबह 08.45 बजे (लगभग)]। **● माझेरहाट से निर्धारित मार्ग होकर चलेगी:** 30357 माझेरहाट–मध्यमग्राम लोकल (माझेरहाट से सुबह 09.00 बजे)। **● बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30511 चम्पाहाटी–माझेरहाट लोकल बालीगंज जंक्शन होकर (बालीगंज जंक्शन में सुबह 08.46 बजे)। **● बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू एवं बालीगंज जंक्शन–कांकुरगाछी रोड होकर चलेगी:** 30321 माझेरहाट–हासनाबाद लोकल टाला होकर (बालीगंज जंक्शन से सुबह 09.55 बजे)। **● मार्ग परिवर्तन एवं बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30342 बनगाँव जंक्शन–माझेरहाट लोकल टाला होकर (बालीगंज जंक्शन में सुबह 08.50 बजे)। **● बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 30712 माझेरहाट–लक्ष्मीकांतपुर लोकल बालीगंज जंक्शन होकर (बालीगंज जंक्शन से सुबह 10.12 बजे)। **● माझेरहाट तक निर्धारित मार्ग होकर चलेगी:** 30358 मध्यमग्राम–माझेरहाट लोकल बालीगंज जंक्शन–कांकुरगाछी रोड होकर (माझेरहाट में पूर्वाह्न 11.47 बजे)। **● हासनाबाद तक निर्धारित मार्ग होकर चलेगी:** 30361 माझेरहाट–हासनाबाद लोकल बालीगंज जंक्शन–कांकुरगाछी रोड होकर (माझेरहाट से दोपहर 12.38 बजे)। **● ट्रेन सेवाओं का निरसन :** (i) 30412 सियालदह–बीबीडी बाग लोकल माझेरहाट होकर (सियालदह से सुबह 09.04 बजे), (ii) 31223 सियालदह–बैरकपुर लोकल (सियालदह से सुबह 08.38 बजे), (iii) 30113 बीबीडी बाग–कल्याणी लोकल टाला होकर (बीबीडी बाग से सुबह 10.38 बजे), (iv) 30411 बीबीडी बाग–सियालदह लोकल माझेरहाट होकर (बीबीडी बाग से सुबह 10.52 बजे), (v) 30351 माझेरहाट–बारासात लोकल टाला होकर (माझेरहाट से सुबह 10.20 बजे), (vi) 30116 बैरकपुर–बीबीडी बाग लोकल टाला होकर (बैरकपुर से सुबह 09.34 बजे), (vii) 31342 कल्याणी–सियालदह लोकल (कल्याणी से दोपहर 12.45 बजे)। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 03-टेंडर-ईएलसीऑएन-सीकेपी-25-26, दिनांक 08.01.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, राउरकेला-769013 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** चक्रधरपुर मंडल के सिनी एवं कान्ड्रा अनुभाग के बीच तीसरी लाइन तथा चौथी लाइन कार्य के संबंध में सिनी यार्ड के सुधार एवं कान्ड्रा यार्ड के सुधार के लिए 25केवी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **लागत:** रु. 20,58,46,542; **बोली सुरक्षा:** रु. 11,79,200; **समापन अवधि:** 24 (चौबीस) महीने। **नियत तारीख:** 09.02.2026; निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/शर्तें/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.प्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए प्रत्याशित बोलीदाता नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1045)



**PUBLIC NOTICE (TALAQ-E-AHSAN)**

Notice is hereby given to the general public that Sk. Tahir Hossain, son of Sk. Sabur Ali, has pronounced one single revocable Talaq (Talaq-e-Ahsan) upon his wife Smt. Rojina Khatun, daughter of Ghulam, on 14/12/2025, in accordance with Muslim Personal Law (Shariat) and the law of the land.

The said Talaq shall attain final effect after completion of the Iddat period, subject to non-revocation during the said period. Upon completion of Iddat, the marital relationship shall stand lawfully dissolved.

All persons concerned are requested to take note of the same.

(Das Sinha and Company)
Advocates & Solicitors Kolkata
Date: 08/01/2026



**NOTICE INVITING Re e-TENDER (2nd Call)**

**Ref. e-NIT NO.- 2026_ZPHD_984792_1 to 3.**

An e-Tender **(Notice Memo no- 66/K-II BDO, Date: 07.01.2026)** containing three number scheme for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been flotaed amounting to **Rs. 7.18346 lakhs**.

Bid Submission end on :**-02/02/2026 at 04.45 P.M.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Kalna-II Development Block**
**Singerkone, Purba Bardhaman**



**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, प्रथम तल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 12 यात्रीवाही ट्रेनों के 14 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 आरटीवीपी के लिए लीजिंग हेतु आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **Wwww.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–1सी। **कम्पार्टमेंट :** 12 यात्रीवाही ट्रेनों के 14 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 21.01.2026, 13.30 बजे।

HWH-526/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Ramnarayani Mother of Army No.17006780L, Rank- NK, Name- Pushpendra Singh Tomar, resident of Thara, Morena, Ambha, Madhya Pradesh, India, Pin- 476111. My name and D.O.B has been recorded incorrectly in my son service record. I do hereby declared that have changed my name from Ramarayani and D.O.B- 15/06/1965 to Ramnarayani and D.O.B- 05/02/1975, Vide affidavit before the Notary Public at Kolkata. dated 31.12.2025

**Name Change**

I, Malay Sewda, son of Ramesh Chandra Sewda, residing at BB 4/2, Deshbandhu Nagar, Baguihati, Kolkata-700059, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my minor daughter's name from Yashashvini Singh Sewda to Yashashvini Sewda and both name refer to one and same identical person i.e. my daughter via affidavit in the Court of Judicial Magistrate at Alipore dated 10th November 2025. The said change has been made by removal of the middle name "Singh" for all future purposes including school records, Aadhaar, Passport, Bank Account, PAN Card, and other identity documents.

**NAME CHANGE**

I, Poonam Kumari, W/o Pramod Kumar Choubey, R/o-210, DSC Plattto, Gun & Shell Factory, Cossipore, Kolkata-700002, shall be known as Poonam Choubey, changed vide 1st Class Judicial Magistrate, Sealdah Court, affidavit no. 839 Dated: 08.01.2026. Poonam Kumari & Poonam Choubey is the same & identical person.

**Name Change**

मैं, जैतुन नेसा. (JAITUN NESA), पुत्र क्रमांक 14669846ए, पद – एनके, नाम – मोहम्मद अफजल हुसैन (Md Afzal Hussain) की माता, निवासी 95, आरबीएस रोड, चंदनपारा, डाकघर – अंगस, थाना – भद्रेश्वर, जिला – हुगली, राज्य – पश्चिम बंगाल, पिन कोड – 712221 मैंने अपने पुत्र के सेवा अभिलेख में अपना नाम जैतुन नेसा (JAITUN NESA) से बदलकर जैतुन निस्सा (ZAITUN NISSA) कर लिया है। यह शपथ पत्र चंदननगर स्थित हुगली के नोटरी पब्लिक के समक्ष दिनांक 04.08.2025 को दिया गया है।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 08.01.2026,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–169–25–26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/राणाघाट के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/कृष्णनगर में सभी सहायक कार्यों के साथ-साथ विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,27,35,064.30, **बयाना राशि :** रु.2,13,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.02.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 03.02.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-349/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या :** ईएलईजी–ओटी–1282–2025–26, **दिनांक : 05.01.2026, कार्य का विवरण:** पुराने कोचों से सब–पैंट्री इक्विपमेंट को हटाना एवं नवनिर्मित कोचों में इसका री–फिटमेंट। **निविदा मूल्य:** रु. 14,44,680.00, **बयाना राशि:** रु. 28,900.00, **समापन अवधि:** 03 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 13.01.2026, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 27.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

SDAH-347/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**रेलवे टैंक, कटिंग और बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार हेतु निविदा**

**निविदा सूचना सं.** 76(**फिशिंग**) **ऑफ** 2025–26 **दिनांक** 07.01.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा ऊपर उल्लिखित खुली निविदा में भाग लेने हेतु वार्षिक लाइसेंस, पिछले वर्ष के लाइसेंस शुल्क पर 10% वार्षिक की दर से लाइसेंस शुल्क की वृद्धि के अधीन, के आधार पर 5 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए टैंक/कटिंग/डिच/बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार, पानीफल या सिंगाड़ा उगाने के लिए रेलवे को–ऑपरेटिव सोसायटी, फिशरमैन को–ऑपरेटिव सोसायटी और किसी भी व्यक्ति विशेष से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **एनआईटी सं., क्षेत्रफल (वर्ग मी.), क्षेत्राधिकार के साथ विवरण/वर्णन, आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1), 3900, एईएन/बैण्डेल के अधीन मेमारी में रेलवे लोको टैंक, रु.39,244/–, रु.3,925/–, (2), 417.45, एईएन/बैण्डेल के अधीन मेमारी में उत्तरी भाग के चिह्नित 1 एवं 2 पर रेलवे बॉरोपिट, रु.33,248/–, रु.3,325/–, (3), 6505.57, एईएन/बैण्डेल के अधीन पाण्डुया में रेलवे स्टेशन लोको टैंक, रु.2,16,719/–, रु.21,672/– (4), 2500, एईएन/बैण्डेल के अधीन किमी 59/80 से 60/81 के बीच रेलवे कटिंग, रु.76,101/–, रु.7,610/–, (5), 940.98, एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल में रेलवे ईस्ट टैंक, रु.2,57,446/–, रु.25,745/–, (6), 1500, एईएन/बैण्डेल के अधीन मेमारी गुड्स शेड के पास किमी 80/32–81/04 पर रेलवे टैंक, रु.15,093/–, रु.1,509/–, (7), 3937.5, एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल सॉर्टिंग यार्ड में रेलवे टैंक, रु.96,664/–, रु.9,667/– (8), 6500, किमी 6/30–6/38 से नैहाटी शाखा के डाउन साइड पर रेलवे कटिंग, रु.65,406/– रु.6,541/–, (9), 31784.39, एईएन/बैण्डेल के अधीन डीआरएम/हावड़ा के प्लान नं. 87/90 के माध्यम से मेमारी में दक्षिणी भाग (4 एवं 5) पर रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.8,31,685/–, रु.83,169/–, (10), 4182.16, एईएन/बैण्डेल के अधीन बैंचीग्राम और बैंची स्टेशनों के बीच किमी 68/15–16 से 70/15–17 के बीच मेन लाइन के दोनों तरफ रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.68,810/–, रु.6,881/–, (11), 627.32, एईएन/बैण्डेल के अधीन एन.एच. शाखा के बंद ब्रिज नं. 3 के दक्षिणी भाग में रेलवे टैंक में मछली पकड़ने का अधिकार, रु.79,086/–, रु.7,909/–, (12), 8347.76, एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल आम बागान रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक नं. 97 एवं 98 के बीच रेलवे लघु टैंक में मछली पकड़ने का अधिकार, रु.35,092/–, रु.3,509/– (13), 126.39, एईएन/बैण्डेल के अधीन आदिसप्तग्राम में रेलवे स्टेशन टैंक में मछली पकड़ने का अधिकार, रु.5,895/–, रु.590/–, (14), 3836.41, एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल में आरपीएफ ऑफिस और नॉर्थ केबिन के पास रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने का अधिकार, रु.38,237/–, रु.3,824/–, (15), 123.28, एईएन/बैण्डेल के अधीन देबीपुर स्टेशन के साइड में रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने का अधिकार, रु.2,301/–, रु.230/–, (16), 3937.27, एईएन/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट में रेलवे लोको टैंक में मछली पकड़ने का अधिकार, रु.7,13,468/–, रु.71,347/–, (17), 9700, एईएन/रामपुरहाट के अधीन मुरारी स्टेशन डाउन लाइन साइड में बॉरोपिट, रु.4,61,847/–, रु.46,185/–, (18), 4800, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 58/2–6 के बीच अहमदपुर टैंक, रु.48,300/– रु.4,830/–, (19), 4100, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 48/23–27 के बीच कोपाई टैंक (हावड़ा सिरा), रु.41,256/–, रु.4,126/–, (20), 3800, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 48/33–35 के बीच कोपाई टैंक (रामपुरहाट सिरा), रु.38,237/– रु.3,824/–, (21), 15750, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 19/10–18/20 के बीच गुसकरा टैंक, रु.3,94,121/–, रु.39,412/– (22), 1600, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 25/25–29 के बीच पिचकुरी टैंक, रु.16,100/–, रु.1,610/– (23), 3000, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 9/27–33 के बीच बनपास टैंक, रु.30,187/–, रु.3,019/– (24), 2100, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 9/33–39 के बीच बनपास टैंक, रु.21,131/–, रु.2,113/–(25), 500, एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन किमी 4/0–1 के बीच झापटेरढाल टैंक, रु.5,031/–, रु.503/– (26), 6983.62, एईएन/बर्द्धमान के अधीन बर्द्धमान (डीजल शेड के पास) रेलवे लोको टैंक, रु.29,304/– रु.2,931/– (27), 9061.33, एईएन/बर्द्धमान के अधीन खाना जंक्शन में रेलवे बॉरोपिट, रु.39,378/–, रु.3,938/– (28), 4809.63, एईएन/बर्द्धमान के अधीन बर्द्धमान में वेस्ट केबिन के पास रेलवे टैंक, रु.21,978/–, रु.2,198/– (29), 146.42, एईएन/बर्द्धमान के अधीन बर्द्धमान में ब्लॉक 379 एवं 380 के पास रेलवे तालाब, रु.6,042/–, रु.604/–(30), 550.14, एईएन/बर्द्धमान के अधीन बर्द्धमान में ब्लॉक 286 के पास रेलवे कटिंग, रु.26,896/– रु.2,690/– (31), 536.09, एईएन/बर्द्धमान के अधीन मेन लाइन पर किमी 104/00 से 105/21 तक रेलवे बॉरोपिट, रु.26,736/–, रु.2,674/– (32), 31973.18, एईएन/डानकुनी के अधीन किमी एसी–350–11/47ए, एसी 12/27–12/30 सीसीआर–12/21 से 12/23 एवं सीसीआर–12/35–12/30 में रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.22,41,025/–, रु.2,24,103/–(33), 6778.724, एईएन/डानकुनी के अधीन चंदनपुर में ईस्ट और वेस्ट केबिन के बीच रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.61,775/–, रु.6,178/– (34), 42737.27, एईएन/डानकुनी के अधीन किमी 17/00–33/00 तक रेलवे बॉरोपिट अप एवं डाउन एचबीसी में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.3,76,199/–, रु.37,620/– (35), 6788, एईएन/डानकुनी के अधीन कामारकुंडु में रेलवे अस्पताल के पास रेलवे बॉरोपिट/टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.1,80,258/–, रु.18,026/– (36), 2948, एईएन/डानकुनी के अधीन पीडब्ल्यूआई/कामारकुंडु कार्यालय के पास एचबीसी के अप साइड पर एक रेलवे डिच में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.63,238/–, रु.6,324/– (37), 1300, एईएन/डानकुनी के अधीन किमी एसी/8–11 से एसी/8–7 के बीच रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.60,410/–, रु.6,041/– (38), 3900, एईएन/डानकुनी के अधीन डानकुनी में एफसीआई साइडिंग के साइड में किमी डीएफ 14/15 से डीएफ 14/20 तक रेलवे कटिंग में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.64,017/–, रु.6,402/– (39), 79500, एईएन/डानकुनी के अधीन डाउन एचबीसी में किमी 12/28 और 13/12 तक तथा डानकुनी में 12/20 से 15/10 तक किमी डीएफ, (परिवर्तित स्थान) किमी 12/28 से किमी 13/10–12 तक डाउन लाइन के पास रेलवे कटिंग में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.2,55,393/– रु.25,540/– (40), 39600, एईएन/डानकुनी के अधीन एसीसीएल सेक्शन के टी.पी.एसी–10/15–11/5ए ईस्ट और वेस्ट साइड के बीच रेलवे कटिंग एवं बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.44,716/–, रु.4,472/– (41), 57591, एईएन/डानकुनी के (अधीन चंदनपुर में ईस्ट और वेस्ट केबिन के बीच किमी 33/7 से 38/00 अप और डाउन एचबीसी तक (बॉरोपिट को छोड़कर) रेलवे कटिंग में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.73,097/–, रु.7,310/– (42), 48510, एईएन/डानकुनी के अधीन सीसीआर सेक्शन में अप साइड पर किमी 9/11 से 9/33 तक रेलवे बॉरोपिट टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.55,048/–, रु.5,505/– (43), 9795, एईएन/डानकुनी के अधीन ईस्ट केबिन किमी 10/29 से 10/37 और किमी एसी 13/3 से एसी 12/20 के पास रेलवे 03 बॉरोपिट किमी एसीसीएल सेक्शन में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.91,355/– रु.9,136/– (44), 71688, एईएन/डानकुनी के अधीन एसी–13–5ए से 13/14 ए एवं 14/3–14/17 (पूर्व में किमी 10/28 से 13/10–12 डाउन लाइन के पास) के बीच डाउन फ्लाई ओवर लाइन पर 03 रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.17,06,100/–, रु.1,70,610/– (45), 8680, एईएन/डानकुनी के अधीन किमी एसी–8/11 से एसी–8/7 के बीच रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.77,813/–, रु.7,781/– (46), 2000, एईएन/आजिमगंज के अधीन बी बी लूप में किमी 131/0– 133/0 तक रेलवे बॉरोपिट एवं कटिंग, रु.1,67,090/–, रु.16,709/– (47), 1550, एईएन/आजिमगंज के अधीन बाजारसी और खागड़ाघाट के बीच किमी 133/04–161/11 तक रेलवे कटिंग, रु.1,99,718/–, रु.19,972/– (48), 9750, एईएन/आजिमगंज के अधीन 161/00– 164/00 तक अप लूप के निकट खागड़ाघाट में प्लेटफॉर्म 4 के पूर्वी भाग में रेलवे तालाब, रु.13,225/–, रु.1,323/– (49), 735, एईएन/आजिमगंज के अधीन खागड़ाघाट में क्लास–IV स्टाफ क्वार्टर के पास रेलवे टैंक, रु.1,79,603/–, रु.17,960/– (50), 5225.5, एईएन/आजिमगंज के अधीन किमी 164/00 से 179/10 (खागड़ाघाट से आजिमगंज) तक रेलवे बॉरोपिट, रु.3,13,295/–, रु.31,330/– (51), 340, एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज–नलहाटी शाखा लाइन (बराला में टैंक को छोड़कर) के बीच रेलवे बॉरोपिट, रु.61,312/–, रु.6,131/– (52), 2460, एईएन/आजिमगंज के अधीन बराला स्टेशन पर रेलवे टैंक, रु.13,291/–, रु.1,329/– (53), 2460, एईएन/आजिमगंज के अधीन एएन शाखा लाइन में आजिमगंज सिटी में लेवल क्रॉसिंग गेट के पास किमी 44/4–5 के बीच रेलवे टैंक, रु.1,25,321/–, रु.12,532/– (54), 3000, एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन किमी 10/33–11/5 के कुंतीघाट–त्रिवेणी के बीच अप लाइन साइड के पास रेलवे कटिंग, रु.30,187/– रु.3,019/– (55), 5367, एईएन/कटवा के अधीन कटवा में एईएन बंगलो के पीछे रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस–03 अदद, रु.31,698/–, रु.3,170/– (56), 5719, एईएन/कटवा के अधीन कटवा में (कटवा बस स्टैंड के पास) रेलवे लोको टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.1,69,265/–, रु.16,927/–(57), 39668, एईएन/लिलुआ के अधीन बेलुड़ और बेलुड़ मठ स्टेशन के बीच लिलुआ नॉर्थ टैंक के रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.10,95,397/–, रु.1,09,540/– (58), 4827.6, एईएन/लिलुआ के अधीन किमी 7/15 –25 के बीच बेलुड़–बाली स्टेशन के बीच रेलवे कटिंग में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.6,860/–, रु.686/– (59), 4950, एईएन/लिलुआ के अधीन किमी 7/9–15 के बीच बेलुड़–बाली स्टेशन के बीच अप एचबीसी साइड के पास रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.24,858/–, रु.2,486/– (60), 10100, एईएन/लिलुआ के अधीन किमी 9/1–10/0 के बीच बेलुड़–बेलानगर स्टेशन के बीच अप एचबीसी साइड में रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.1,01,631/–, रु.10,163/– (61), 1311, एईएन/लिलुआ के अधीन श्रीरामपुर में आरओबी के पास अप लाइन साइड के समीप श्रीरामपुर के निकट फ्लाई ओवर ब्रिज के समीप रेलवे टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.40,729/– रु.4,073/– (62), 3800, एईएन/लिलुआ के अधीन रिसड़ा स्टेशन में अप लाइन प्लेटफॉर्म के पास रेलवे टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.38,237/–, रु.3,824/– (63), 4780, एईएन/लिलुआ के अधीन चुचुड़ा स्टेशन प्लेटफॉर्म पर अप मेन लाइन के पास चुचुड़ा स्टेशन में रेलवे टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.2,46,514/–, रु.24,652/–(64), 3783, एईएन/लिलुआ के अधीन उत्तरपाड़ा स्टेशन प्लेटफॉर्म में अप और डाउन मेन लाइन के पास उत्तरपाड़ा स्टेशन के पूर्वी एवं पश्चिमी भाग में रेलवे टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.51,983/–, रु.5,198/– (65), 14966, एईएन/लिलुआ के अधीन हुगली स्टेशन प्लेटफॉर्म में अप मेन लाइन के पास हुगली स्टेशन में रेलवे कटिंग रेलवे टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.2,82,459/–, रु.28,246/–(66), 5724, एईएन/लिलुआ के अधीन भद्रेश्वर में अप प्लेटफॉर्म के साइड में रेलवे कटिंग एवं बॉरोपिट तथा किमी 28/07–21 के बीच भद्रेश्वर स्टेशन प्लेटफॉर्म में अप मेन लाइन के पास बॉरोपिट नं. 5, 6 एवं 7 में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.20,635/–, रु.2,064/– (67), 5000, एईएन/लिलुआ के अधीन भद्रेश्वर स्टेशन में रेलवे कटिंग एवं बॉरोपिट नं. 8 एवं 9 में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस (खुदीराम पल्ली, भद्रेश्वर के पास), रु.50,312/– रु.5031/– (68), 383.37, एईएन/लिलुआ के अधीन केबिन किमी 28/29 एवं विक्टोरिया जूट मिल के पास, भद्रेश्वर स्टेशन के डाउन लूप लाइन के पास भद्रेश्वर स्टेशन में रेलवे कटिंग एवं बॉरोपिट नं. 1, 2 एवं 3 में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.36,603/–, रु.3,660/– (69), 1954/1672, एईएन/लिलुआ के अधीन भद्रेश्वर घाट में एंगस जूट मिल के सामने भद्रेश्वर घाट में 02 रेलवे टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.10,982/–, रु.1,098/– (70), 1858.73, एईएन/लिलुआ के अधीन मानकुंडु स्टेशन में अप मेन लाइन के पास मानकुंडु स्टेशन में रेलवे लघु टैंक में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.3,075/–, रु.308/– (71), 12580, एईएन/लिलुआ के अधीन किमी 8/00 से 10/00 अप एवं डाउन एचबीसी तक रेलवे बॉरोपिट में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.1,34,813/–, रु.13,482/– (72), 418.21, एईएन/लिलुआ के अधीन एईएन बंगलो एवं फ्लैश के बीच किमी 37/26–38/6 के बीच रेलवे ट्रैक में डाउन साइड पर रेलवे कटिंग में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.65,594/–, रु.6,560/–(73), 4405, एईएन/लिलुआ के अधीन खुदीराम पल्ली के पास भद्रेश्वर स्टेशन में रेलवे बॉरोपिट नं. 8 एवं 9 में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.50,312/–, रु.5,031/– (74), 441.28, एईएन/लिलुआ के अधीन चुचुड़ा और हुगली के बीच रेलवे ट्रैक के डाउन साइड पर रेलवे कटिंग में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.1,21,808–, रु.12,181/– (75), 4500, एईएन/लिलुआ के अधीन तालपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे तालाब (तालाब नं. 3) में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.14,985/–, रु.1,499/– (76), 7435, एईएन/लिलुआ के अधीन भद्रेश्वर स्टेशन में डाउन एम/एल के पास भद्रेश्वर स्टेशन में रेलवे बॉरोपिट नं. 4 में मछली पकड़ने के अधिकार के लिए लाइसेंस, रु.17,570/–, रु.1,757/– **वित्तीय वर्ष**: 25–26 (**एनआईटी सं. 1 से 76 प्रत्येक के लिए**)। **समापन अवधि**: स्वीकृति की तिथि से पाँच वर्ष। आरक्षित मूल्य @10% प्रति वर्ष बढ़ाया जाएगा (**एनआईटी सं. 1 से 76 प्रत्येक के लिए**)। इच्छुक निविदाकार द्वारा अपेक्षित लागत जमा करने के बाद निर्धारित प्रपत्र (बाद में इसे निविदा कागजात के रूप में संदर्भित किया जाएगा) निविदाकार को जारी किया जाएगा। इसे इस निविदा कागजात में निर्धारित शर्तों का पालन करने की सहमति के साथ निविदाधारक को जारी किया जा रहा है। रेलवे स्वयं या निविदाकार सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा अनुरोध/सुझाव के जवाब में, निविदा खोलने की नियत तिथि से पहले अपने विवेक से इस निविदा कागजात को संशोधित कर सकता है। वरिष्ठ मंडल कोषाध्यक्ष, पूर्व रेलवे, हावड़ा के पास जमा किए गए रु. 300/– (रुपये तीन सौ मात्र), जो अप्रतिदेय है, की राशि रसीद की प्रस्तुति पर निविदा कागजात वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग के कार्यालय से टैंक/कटिंग और बॉरोपिट की सूची के साथ उपलब्ध होगा। निविदा कागजात वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) के कार्यालय से शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर दिनांक **08.01.2026 से 19.01.2026** को 11.00 बजे से 16.00 बजे तक जारी किया जाएगा। निविदाकृत टैंक/कटिंग और बॉरोपिट आदि के लिए आरक्षित मूल्य के 10% की दर से बयाना राशि जमा की जाएगी। बयाना राशि सीधे वरिष्ठ मंडल कोषाध्यक्ष, पूर्व रेलवे, हावड़ा के पास एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के नाम में जमा की जा सकती है एवं राशि रसीद मुहरबंद निविदा के साथ प्रस्तुत की जाएगी। अन्य रूप में एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के नाम में बयाना राशि से सम्मिलित बैंक ड्राफ्ट मुहरबंद निविदा के साथ संलग्न किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार नहीं किए जाने पर बयाना राशि वापस कर दी जाएगी। उच्चतम बोलीदाता के मामले में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति के तहत, बयाना राशि को पहले वर्ष के लाइसेंस शुल्क के साथ समायोजित किया जाएगा। इच्छुक निविदाकार को निविदा कागजातों के क्लॉज 32 के नियम और शर्तों के अनुसार आवश्यक विवरणों को विधिवत भरते हुए एक मुहरबंद लिफाफे में निविदा जमा करना होगा और इसे वरिष्ठ डीईएन (समन्वय), पूर्व रेलवे, हावड़ा के कार्यालय में रखे गए निविदा बॉक्स में दिनांक **20.01.2026 को 11.00 बजे से 14.00 बजे** के अंदर डालना होगा। निविदाकार व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत एजेंट के माध्यम से निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा बॉक्स को दिनांक **20.01.2026 को 14.00 बजे** बंद कर दिया जाएगा और निविदा **15.00 बजे** खोली जाएगी। निविदा में सम्मिलित व्यक्तिगत टैंक/कटिंग और बॉरोपिट आदि का विवरण मुहरबंद लिफाफे के शीर्ष पर अंकित किया जाना चाहिए। जब तक अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए जाते हैं और पूर्ण लाइसेंस शुल्क और जमानत राशि जमा नहीं कर दी जाती है, कोई लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। निविदा कागजात वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा के कार्यालय में प्रस्ताव जमा देने के लिए उपलब्ध होगा। निविदा कागजात के लिए डिमांड ड्राफ्ट (एफए एंड सीएओ/पूर्व रेलवे/कोलकाता के लिए आहरित) को जमा करते समय निविदा कागजात के साथ संलग्न करना होगा। यदि प्रस्ताव के साथ उपर्युक्त विवरण के अनुसार निविदा कागजात की लागत के लिए वैध डिमांड ड्राफ्ट नहीं रहता है, तो निविदा को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा।

HWH-523/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बीकानेर में तीन दिन का अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव शुरू

**जयपुर:** राजस्थान के बीकानेर में शुक्रवार को तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव शुरू हुआ जिसमें पहले दिन स्थापत्य कला, व्यंजन और लोक कलाओं के विविध आकर्षक रंग देखने को मिले। नौ से 11 जनवरी तक चलने वाले इस उत्सव का आगाज 'हेरिटेज वॉक' के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल थे। मेघवाल ने कहा कि तीन दिवसीय ऊंट उत्सव से बीकानेर के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा भारत सरकार के कुछ संस्थानों से लोक कलाकारों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि एक हजार हवेलियों वाले बीकानेर में हवेलियों को कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। 'हेरिटेज वॉक' में बीकानेर की स्थापत्य कला, व्यंजन और लोक कलाओं के विविध आकर्षक रंग देखने को मिले। इस अवसर पर देशी-विदेशी सैलानी, स्थानीय निवासी, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी बीकानेरी रंगों में सराबोर नजर आए।

## एम्स-पटना के मुख्य खजांची को गबन के आरोप में किया गया गिरफ्तार

**पटना:** पटना के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मुख्य खजांची को धन के गबन के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, खजांची अनुराग अमन पर एम्स-पटना के खातों से लगभग 43 लाख रुपए के गबन का आरोप है। यह गिरफ्तारी एम्स के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राज कुमार जलान द्वारा सात जनवरी को फुलवारी शरीफ थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई। पटना सिटी पश्चिम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भानु प्रताप सिंह ने कहा, मामले की जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एम्स ने अनुराग अमन को निलंबित कर दिया है और उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## झारखंड के कई इलाकों में शीतलहर, खूंटी में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस

**रांची:** झारखंड के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को शीतलहर का प्रकोप बना रहा और राज्य के 13 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी। आईएमडी के अनुसार, राज्य का सबसे कम, 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान खूंटी में दर्ज किया गया। इसके बाद डालटनगंज में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस और बोकारो में 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची स्थित आईएमडी केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, झारखंड के ऊपर क्षोभमंडलीय स्तर पर उत्तर-पश्चिमी हवाएं लगातार चल रही हैं जिसके कारण राज्य के कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है।

## वाराणसी: खांसी सिरप तस्करी गिरोह के सरगना के सहयोगी के घर पर छापेमारी

**वाराणसी:** वाराणसी पुलिस ने खासी सिरप तस्करी गिरोह के कथित सरगना शुभम जायसवाल के एक करीबी सहयोगी के घर पर छापेमारी की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई कोडाइन-आधारित खांसी सिरप की तस्करी में शामिल गिरोह के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध) टी सरवन ने बताया कि जांच दल ने बृहस्पतिवार शाम प्रशांत उपाध्याय के मडौली स्थित आवास पर तलाशी ली। हालांकि, इस दौरान उपाध्याय वहां मौजूद नहीं था। सरवन के मुताबिक, तलाशी अभियान में कोतवाली, रामनगर, आदमपुर और कई अन्य पुलिस थानों की टीम ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान उपाध्याय के परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई और कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए गए।

## झारखंड: हजारीबाग और कोडरमा में अलग-अलग घटनाओं में दम घुटने से चार लोगों की मौत

**हजारीबाग/कोडरमा:** झारखंड के हजारीबाग और कोडरमा जिलों में अलग-अलग घटनाओं में घरों में सो रहे चार लोगों की कोयले की अंगीठी से निकली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कोडरमा जिले के पुरानानगर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारीबाग के बानादग इलाके में एक अन्य दंपति की जान चली गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सभी चारों लोगों के शव शुक्रवार को बरामद कर लिए गए। अधिकारी ने कहा, 'प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अंगीठी से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से उनकी मृत्यु हुई है।

# उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है: राजनाथ सिंह



**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने का शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि राज्य में छह स्थानों पर 'डिफेंस कॉरिडोर' पर पहले ही 34,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया जा चुका है, जो हथियारों और गोला-बारूद उत्पादन में भारत की आत्मनिर्भरता की ओर एक निर्णायक बदलाव है। वह यहां सरोजनी नगर इलाके में अशोक लेलैंड के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के साथ हिंदुजा परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, सिंह ने कहा कि भारत अब हथियारों, मिसाइलों या रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं है, क्योंकि अब इनका निर्माण घरेलू स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। सिंह ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि जो उत्तर प्रदेश किसी जमाने में बीमारू राज्य कहा जाता था तथा जिसकी पहचान को गुंडाराज और अपराध से जोड़कर देखा जाता था, आज उसी राज्य में आए दिन उद्योग स्थापित हो रहे हैं। सिंह ने कहा कि लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट में फैला डिफेंस कॉरिडोर लड़ाकू विमानों से संबंधित हथियार, गोला-बारूद और उपकरण बना रहा है और वहां बड़ी कंपनियां विनिर्माण इकाइयां लगा रही हैं। सिंह ने कहा, मुझे बताया गया है कि इन डिफेंस कॉरिडोर नोड्स में लगभग 34,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। लखनऊ से सांसद सिंह ने उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा इकाई और रोजगार प्रोत्साहन नीति का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य को बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नीति का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करना और लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है ताकि उन्हें पलायन करने के लिए मजबूर न होना पड़े।

## उत्तर प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह समेत 14 लोग 2015 के बलिया मामले में आरोपमुक्त

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बलिया की एक अदालत ने राज्य सरकार द्वारा मामला वापस लेने के फैसले को स्वीकार करते हुये प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और 13 अन्य आरोपियों को 10 साल पुराने एक मामले में आरोपमुक्त कर दिया है। सिंह के खिलाफ यह मामला निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, यह मामला नौ सितंबर 2015 को बलिया सिटी कोतवाली में उप निरीक्षक सत्येंद्र राय की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (सरकारी निर्देशों की अनदेखी) के तहत सिंह, नागेंद्र पांडे और 17 नामजद लोगों के अलावा 100 से 150 अनजान लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। आरोपियों के खिलाफ शहर के मालगोदाम रोड पर धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा के बावजूद सड़क जाम करने, यातायात को अवरूद्ध करने और आवाजाही में रुकावट डालने का आरोप था।

## गिरते जनाधार के बीच बेवजह एसआईआर का मुद्दा उठा रहा विपक्ष : चिराग पासवान



**नोएडा (उप्र):** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष अपने गिरते जनाधार के बीच बेवजह एसआईआर का मुद्दा उठा रहा है और जनता में विपक्षी दलों के खिलाफ काफी आक्रोश है। पासवान आज ग्रेटर नोएडा के एक्सपोर्ट मार्ट में आयोजित तीन दिवसीय खाद्य एवं पेय प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गौतम बुद्ध नगर आए थे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पहली बार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी यह कवायद हुई है और इस बार सिर्फ ऑनलाइन व्यवस्था हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपना जनाधार गिरने के बीच बेवजह एसआईआर को मुद्दा बना रहा है और जनता में विपक्षी दलों के खिलाफ काफी आक्रोश है। पासवान ने कहा कि विपक्ष के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर गलत शब्दों का इस्तेमाल किया जिसकी वजह से जनता ने उन्हें सबक सिखाया।

## 2070 तक भारत के शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य के लिए 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी' ज़रूरी : एचडी कुमारस्वामी



**लखनऊ:** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि 2070 तक 'नेट-ज़ीरो (शुद्ध शून्य)' उत्सर्जन हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (इलेक्ट्रिक वाहन और उससे जुड़ी व्यवस्था) अत्यंत जरूरी है तथा यह देश के स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन की ओर बदलाव का एक मुख्य स्तंभ है। यहां अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए, कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने जलवायु शुद्धता के लिए एक स्पष्ट, महत्वाकांक्षी रोडमैप अपनाया है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी 2070 तक नेट-ज़ीरो उत्सर्जन हासिल करने के भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को काफी कम करती है, परिवहन क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन में कटौती करती है और यह देश के स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर मोबिलिटी की ओर बदलाव का एक मुख्य स्तंभ साबित होगी।'' कुमारस्वामी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने भी इस लक्ष्य के अनुरूप कई उपाय किए हैं। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अशोक लेलैंड और हिंदुजा समूह के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। कुमारस्वामी ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भारतीय उद्योगों, नवोन्मेषकों और युवाओं के लिए नए अवसर भी खोलती है, जबकि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारी उद्योग मंत्रालय के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाने के लिए 'फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स' योजना समेत कई कदम उठाए हैं। इस योजना का परिव्यय 11,500 करोड़ रुपये है।

## अयोध्या में प्रशासन ने राम मंदिर के 15 किलोमीटर के दायरे में मांसाहार की आपूर्ति पर रोक लगाई



**अयोध्या (उप्र):** पंच कोसी परिक्रमा के अंतर्गत चिह्नित क्षेत्र में ऑनलाइन खाद्य सेवाओं द्वारा मांसाहारी भोजन की आपूर्ति के संबंध में बार-बार शिकायतें मिलने के बाद अयोध्या प्रशासन ने शुक्रवार को राम मंदिर के 15 किलोमीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अयोध्या के कुछ होटल और होमस्टे द्वारा मेहमानों को मांसाहारी भोजन और मादक पेय परोसने की शिकायत सामने आने के बाद अधिकारियों ने ऐसे प्रतिष्ठानों को ऐसी गतिविधियों से बचने के लिए सख्त चेतावनी जारी की है। यह कदम अयोध्या नगर निगम द्वारा पिछले वर्ष मई में अयोध्या और फैजाबाद को जोड़ने वाले 14 किलोमीटर लंबे राम पथ पर शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय के बाद उठाया गया है। नौ महीने बीत जाने के बाद भी, शराब की बिक्री पर प्रतिबंध का व्यापक असर देखने को नहीं मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार, राम पथ पर अब भी दो दर्जन से अधिक दुकानें खुलेआम शराब बेच रही हैं। इस देरी पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक नगर निगम अधिकारी ने कहा कि निगम ने फैजाबाद एवं राम पथ पर स्थित मांस की दुकानों को हटा दिया था, लेकिन शराब की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन से अनुमति आवश्यक है। सहायक खाद्य आयुक्त माणिक चंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतें मिली थीं कि पहले प्रतिबंध के बावजूद पर्यटकों को ऑनलाइन ऑर्डर के माध्यम से मांसाहारी भोजन परोसा जा रहा था।

## जेपी गंगापथ पार्क को लोगों की सुरक्षा व सुविधा ध्यान में रखकर विकसित करें: नीतीश कुमार



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को जेपी गंगापथ पर कराए जा रहे पौधारोपण और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह पार्क गंगा नदी के किनारे स्थित है, इसलिए लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसका विकास सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में बताया गया कि जेपी गंगापथ पर पार्क विकसित होने से हरियाली बढ़ेगी और यहां आने वाले लोग अपने परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विकसित किए जा रहे पार्क के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नीतीश कुमार ने कहा कि पौधारोपण होने से यह क्षेत्र हरा-भरा दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ एक अद्भुत परियोजना है, जिसका सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। आने वाले समय में यह क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पथ पर लोगों के लिए सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

## दुद्धी के आठ बार के विधायक विजय सिंह गोंड का अंतिम संस्कार किया गया



**सोनभद्र (उप्र):** अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और वरिष्ठ आदिवासी नेता विजय सिंह गोंड का शुक्रवार को पारंपरिक गोंड आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। गोंड (71) का बृहस्पतिवार लखनऊ के 'संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' में गुर्दे की बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनका पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार देर रात दुद्धी स्थित उनके आवास पर लाया गया जहां बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जमा हुए। शुक्रवार को, पार्थिव शरीर को सार्वजनिक दर्शन के लिए उनके आवास पर रखा गया, जहां भारी भीड़ उमड़ी। जिला मजिस्ट्रेट बी एन सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और कई अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। प्रशासन ने उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया कि विजय सिंह गोंड ने अपना पूरा जीवन आदिवासी कल्याण तथा जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए समर्पित कर दिया था।

## राजस्थान में 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षा के लिए 30 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील, 20 अति संवेदनशील घोषित

**जयपुर:** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को कहा कि इस बार दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी तथा अधिकृत अन्वीक्षकों को ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। वह यहां संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा, '19 लाख 86 हजार विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य के लिए परीक्षाएं अहम हैं। अधिकारियों एवं कार्मिकों को निष्ठा, सतर्कता, गोपनीयता एवं निष्पक्षता से कामकाज करना होगा। समय सारणी के अनुरूप सतर्कता से परीक्षा केन्द्रों का चयन होगा।' राठौड़ ने कहा, '30 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील एवं 20 अति संवेदनशील के रूप में चिन्हित किए गए हैं। इन केंद्रों पर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

## केजीएमयू: धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और यौन शोषण के आरोपी डॉक्टर को किया गया गिरफ्तार



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में यौन शोषण, धर्म परिवर्तन और 'लव जिहाद' के आरोपी एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर को शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस फरार डॉक्टर पर 50 हजार रुपये का इनाम था तथा उसे शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले दिन में केजीएमयू ने उसे बर्खास्त करने की सिफारिश की थी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को इस मुद्दे पर केजीएमयू परिसर में हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन उर्फ रमीज मलिक के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए सात सदस्यीय एक आंतरिक समिति का गठन किया गया था जिसने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सच पाया है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा राज्य सरकार को सौंपी गयी जांच रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस डॉक्टर को हटाने के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीएमई) को एक प्रस्ताव भेजा है। कुलपति ने कहा कि डीजीएमई से उम्मीद है कि वह उसके 'जूनियर रेजिडेंसी एडमिशन' को रद्द करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को लिखेगा।

## भारत में अवैध ढंग से रह रहे आठ बच्चों समेत 38 बांग्लादेशियों को निर्वासित किया जाएगा

**आगरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अवैध रूप से रह रहे 38 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया जाएगा। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि आगरा में सजा पूरी होने के बाद 38 बांग्लादेशी नागरिक निर्वासित' किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगरा के सिकंदरा थानाक्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 38 बांग्लादेशी पकड़े गए थे और किसी के भी पास कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं था। उन्होंने कहा कि सभी को अदालत में पेश किया गया था और इसके बाद अदालत ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। डीसीपी के अनुसार 38 बांग्लादेशियों में 23 पुरुष, सात महिलाएं और आठ बच्चे हैं। पुरुष और महिलाएं जेल में हैं जबकि बच्चे बाल आश्रय गृह में हैं। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार का कहना है कि 10 जनवरी को पुलिस टीम सभी को लेकर पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होगी। वहां से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के माध्यम से इन्हें बांग्लादेश सीमा पर भेजा जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी: भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल में राज्य सरकार ने अपने बजट में स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा आगे भी इस क्षेत्र के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया है, फलस्वरूप गांव-ढाणी तक प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क उपचार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व संवाद का उद्देश्य यही है कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के सुझावों से एक ऐसा बजट बने, जिससे प्रदेश की आठ करोड़ से अधिक जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और राजस्थान स्वास्थ्य क्षेत्र में सिरमौर बने। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लागू की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना अब पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है।

### उत्तर प्रदेश में नेपाल सीमा से घुसपैठ करने का प्रयास करने पर चीनी महिला गिरफ्तार

**महराजगंज (उप्र):** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर चीन की एक महिला नागरिक को वैध वीजा और पासपोर्ट दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश की कोशिश करने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा से सटे नौतनवा क्षेत्र के बैरिया बाजार से एक चीनी महिला को शुक्रवार पूर्वाह्न एक बजे भारत में प्रवेश करते देखा गया। उसने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध महिला को देखकर उसे नियमित जांच के लिए पुलिस की मदद से रोका। एक अधिकारी ने बताया कि नेपाल से भारत आ रही इस महिला के पास कोई वीजा और पासपोर्ट नहीं मिला जिसके बाद उसे सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सोनौली क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया।

### मुजफ्फरनगर में अदालत ने 21 साल बाद हत्या के दो आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी किया

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** मुजफ्फरनगर की एक त्वरित अदालत ने शुक्रवार को एक व्यक्ति की हत्या के 21 साल बाद इस मामले में दो आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बताया कि त्वरित अदालत के न्यायाधीश कमला पति ने राजीव और जितेंद्र को यह देखते हुए बरी किया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। शासकीय अधिवक्ता अरुण शर्मा ने भी इसकी पुष्टि की। जिंदल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता और एक आरोपी शोभा राम का निधन हो गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार सुशील की 15 दिसंबर, 2004 को कथित तौर पर पुरानी दुश्मनी के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह जिले में भोरा कलां थानाक्षेत्र के भोरा खुर्द गांव में अपने घर लौट रहा था। सुशील की मां की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने विवेचना पूरी कर आरोप पत्र दाखिल किया, जिसके बाद आरोपियों पर मुकदमा चलाया गया। हालांकि अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को बरी कर दिया।

### उप्र: पत्नी को 'तीन तलाक' देने और पीटने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज


**शाहजहांपुर (उप्र) :** दहेज की मांग पूरी न होने पर अपनी पत्नी को पीटने और उसे ''तीन तलाक'' देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ शाहजहांपुर जिले में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। तिलहर की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ज्योति यादव ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि तिलहर थाना क्षेत्र में रहने वाले जमील अहमद ने अपनी बेटी गुलफसा की शादी चार वर्ष पूर्व डभौरा निवासी अब्दुल कलीम के साथ कराई थी और विवाह के बाद से ही आरोपी नकद धनराशि के अलावा बुलेट मोटरसाइकिल की लगातार मांग करता रहा। उन्होंने बताया कि मांग पूरी न होने पर अब्दुल अपनी पत्नी को कथित रूप से पीटता और अपमानित करता था। सीओ ने बताया कि आरोपी ने तीन दिन पूर्व मारपीट करने के बाद अपनी पत्नी और डेढ़ साल के बच्चे को घर से निकाल दिया। यादव ने बताया कि बाद में आरोपी ने अपने परिजन के साथ अपने ससुराल पहुंचकर कहा, 'मैं पूरे होशो हवास में गुलफसा तुम्हें तलाक देता हूं' और इसके बाद उसने तीन बार तलाक बोला। पीड़िता के परिजनों ने इस घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।

### समाजवादी पार्टी के कई विधायक भाजपा में आने को तैयार: केशव प्रसाद मौर्य



**आगरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) के कई विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आने को तैयार हैं लेकिन भाजपा उन्हें शामिल नहीं कर रही। आगरा के दौरे पर आये मौर्य ने केंद्र सरकार द्वारा लाई गई विकसित भारत जी राम जी योजना की प्रशंसा करते हुए यहां 'सर्किट हाउस' में पत्रकारों से कहा कि इस नयी व्यवस्था से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों को इस व्यवस्था से दिक्कत है। उन्होंने कहा, ''जब से अखिलेश यादव बिहार में चुनाव हार कर लौटे हैं, तभी से वह बौखलाए और घबराए हुए हैं। वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं कि 2027 में सरकार बना लेंगे और समाज को बांटकर राज करेंगे।'' मौर्य ने कहा कि सपा ने ''झूठ फैलाकर'' 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ सीट जरूर हासिल कर ली थीं लेकिन उस भ्रम को हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार की जनता ने नकार दिया। उन्होंने दावा किया कि सपा के कई विधायक भाजपा में आना चाहते हैं लेकिन भाजपा उन्हें पार्टी में शामिल नहीं कर रही। उन्होंने सपा प्रमुख के 'पीडीए' नारे पर प्रहार करते हुए कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का मतलब 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' है और अब इसकी हवा निकल चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों को राम का नाम लेने में दिक्कत हो रही है, ऐसे लोग ही जी राम जी योजना का विरोध कर रहे हैं।

## बिहार में 22 आईएएस अधिकारियों का तबादला, 2020 बैच के टॉपर शुभम कुमार बने नालंदा के डीडीसी



**पटना:** बिहार सरकार ने जिला एवं अनुमंडल स्तर पर प्रशासनिक ढांचे में फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 22 अधिकारियों का तबादला किया है। शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की गयी। इस तबादले की सबसे अधिक चर्चा 2020 बैच के 'आईएएस टॉपर' शुभम कुमार को लेकर है। कटिहार जिले के रहने वाले शुभम कुमार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह क्षेत्र नालंदा का उप विकास आयुक्त (डीडीसी) बनाया गया है। वह अब तक भागलपुर नगर निगम के नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। वहीं, 2022 बैच के आईएएस अधिकारी ऋतुराज प्रताप सिंह को राज्य के प्रमुख नगर निगमों में शामिल मुजफ्फरपुर का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस व्यापक तबादले में नौ जिलों को नए डीडीसी मिले हैं, जबकि पांच आईएएस अधिकारियों को अनुमंडल स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिसूचना के अनुसार, 2019 बैच के आईएएस अधिकारी समीर सौरभ को जिला परिषद (पटना) के उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद से स्थानांतरित कर बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कंफेड) का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उनके पद को संयुक्त सचिव स्तर के समकक्ष घोषित किया गया है। नालंदा के नगर आयुक्त 2019 बैच के अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को मुख्यमंत्री सचिवालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें बिहार विकास मिशन के कार्यालय में अपर निदेशक-सह-मिशन निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वर्ष 2020 बैच के अधिकारियों में अभिषेक पलासिया को खगड़िया से तबादला कर गया नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि कुमार निशांत विवेक को गोपालगंज से स्थानांतरित कर बिहार शरीफ नगर निगम, नालंदा का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर को नालंदा से स्थानांतरित कर पटना जिला परिषद का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। वर्ष 2021 बैच के अधिकारियों में शिवाक्षी दीक्षित को मुंगेर से स्थानांतरित कर बेतिया नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। सूर्य प्रताप सिंह को कैमूर से स्थानांतरित कर समस्तीपुर जिला परिषद का उप विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है, जबकि लक्ष्मण तिवारी को बेतिया से स्थानांतरित कर सारण जिला परिषद का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। वर्ष 2022 बैच के अधिकारियों में पार्थ गुप्ता को पूर्णिया से तबादला कर मुंगेर नगर निगम का नगर आयुक्त, आशीष कुमार को बाढ़ से तबादला कर मोतिहारी नगर निगम का नगर आयुक्त तथा किसलय कुशवाहा को महुआ से स्थानांतरित कर भागलपुर नगर निगम का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। गौरव कुमार को बगहा से स्थानांतरित कर गोपालगंज जिला परिषद का उप विकास आयुक्त तथा काजले वैभव नितिन को बिहार शरीफ से तबादला कर पश्चिम चंपारण जिला परिषद का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। दिव्या शक्ति को दानापुर से स्थानांतरित कर कैमूर जिला परिषद का उप विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 बैच के अधिकारियों में गरिमा लोहिया को पालीगंज से स्थानांतरित कर बाढ़ का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि अनिरुद्ध पांडेय को मोहनिया से स्थानांतरित कर दानापुर, कृतिका मिश्रा को गोगरी से स्थानांतरित कर पटना सदर तथा आकांक्षा आनंद को बारसोई से स्थानांतरित कर मुजफ्फरपुर (पश्चिम) का अनुमंडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पॉक्सो मामलों में साक्ष्यों से छेड़छाड़, गवाह प्रभावित करने की संभावना वैध चिंता का विषय: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि बच्चों के यौन उत्पीड़न से जुड़े अपराधों में जमानत मिलने के बाद सबूतों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना एक वैध और गंभीर चिंता का विषय है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं जब उसने उत्तर प्रदेश के शामली के एक युवक को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। उसपर एक नाबालिग को धमकाकर उसका बार-बार यौन उत्पीड़न करने और 'ब्लैकमेल' के उद्देश्य से इस कृत्य को रिकॉर्ड करने का आरोप था। न्यायालय ने कहा, ''पीड़ित की सुरक्षा और मुकदमे की निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोपरि है।'' जमानत याचिका पर विचार करते समय, न्यायालय अपराध की प्रकृति और गंभीरता तथा जांच के दौरान एकत्रित साक्ष्यों को ध्यान में रखने के लिए बाध्य है।

### जर्मन चांसलर मर्ज़ की दो दिवसीय भारत यात्रा; अहमदाबाद में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ से अहमदाबाद में मुलाकात करेंगे। मर्ज़ की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। मोदी और जर्मनी के चांसलर सोमवार को साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे और साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेंगे, जिसके बाद गांधीनगर के महात्मा मंदिर में द्विपक्षीय बैठकें होंगी। दोनों नेता भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे, जिसने हाल में 25 वर्ष पूरे किए हैं।

### 'डिजिटल अरेस्ट': बुजुर्ग से लगभग एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस' शाखा ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से लगभग एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में निजी बैंक के दो कर्मचारियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार करने के बाद एक 'डिजिटल अरेस्ट' गिरोह का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने कानून प्रवर्तन और केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी बनकर 80 वर्षीय पीड़ित को निशाना बनाया और उन्हें तथा उनकी पत्नी को सात दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' रखा।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर लगभग आठ करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त; दो यात्री गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** सीमा-पार से लगभग आठ करोड़ रुपये मूल्य के गांजे की तस्करी के आरोप में यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी यात्रियों को वियतनाम के हनोई से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन पर मंगलवार को पकड़ा गया। अधिकारियों ने पॉलीथीन के नौ पैकेट में हरे रंग का मादक पदार्थ जब्त किया, जिसके गांजा होने का संदेह है और इसका कुल वजन 7.7 किलोग्राम था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने प्रतिबंधित सामान को एक गुलाबी रंग के ट्रॉली बैग के अंदर कथित तौर पर छिपाकर रखा था।

### वायु प्रदूषण: मानकों के उल्लंघन पर एनसीआर की 16 औद्योगिक इकाइयां बंद करने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थित 16 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विस्तृत निरीक्षण के दौरान इन इकाइयों में पर्यावरण नियमों का गंभीर और निरंतर उल्लंघन पाया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई वायु प्रदूषण को रोकने और वैधानिक निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए संचालित अभियान के अंतर्गत की गई।

## अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन! विदेश मंत्रालय ने लगाई लताड़, कहा- शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न हिस्सा



**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को शक्सगाम घाटी में चीन की अवसंरचना विकास परियोजनाओं की आलोचना की और कहा कि चूंकि यह भारतीय क्षेत्र है, इसलिए वह अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से शक्सगाम घाटी स्थित 5,180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र को चीन को सौंप दिया था, जो उन क्षेत्रों का हिस्सा था जिन पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''शक्सगाम घाटी भारतीय क्षेत्र है। हमने 1963 में हस्ताक्षरित तथाकथित चीन-पाकिस्तान 'सीमा समझौते' को कभी मान्यता नहीं दी है। हम लगातार यह कहते आए हैं कि यह समझौता अवैध और अमान्य है।'' उन्होंने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ''हम तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को भी मान्यता नहीं देते हैं, जो भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिस पर पाकिस्तान का जबरन और अवैध कब्जा है।'' जायसवाल शक्सगाम घाटी में चीन के अवसंरचना विकास से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का संपूर्ण केंद्रशासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। यह बात पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को कई बार स्पष्ट रूप से बताई जा चुकी है।'' उन्होंने यह भी कहा, ''हमने शक्सगाम घाटी में जमीनी हकीकत को बदलने के प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के साथ लगातार विरोध जताया है। हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।'' जायसवाल ने ताइवान के पास चीनी सैन्य अभ्यासों पर सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखता है। व्यापार, अर्थव्यवस्था, जन-संबंधी और समुद्री हितों को देखते हुए इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।''

### प्रधानमंत्री मोदी 10 से 12 जनवरी तक गुजरात में रहेंगे, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर होंगे। इस दौरान, वह सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' और राजकोट में 'वाइब्रेंट गुजरात' क्षेत्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मोदी सोमवार को अहमदाबाद में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिलेंगे, उनके साथ साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे और साबरमती नदी तट पर आयोजित होने वाले अंतराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में हिस्सा लेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी 10 जनवरी को सोमनाथ पहुंचेंगे, जहां वह रात को करीब आठ बजे सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र के जाप में शामिल होंगे और फिर ड्रोन शो देखेंगे।

## भारत के 44 फीसदी शहर लंबे समय से वायु प्रदूषण की चपेट में, केवल चार फीसदी एनसीएपी के दायरे में: रिपोर्ट



**नयी दिल्ली :** भारत के लगभग 44 फीसदी शहर लंबे समय से वायु प्रदूषण की चपेट में हैं, जो इस बात का संकेत है कि यह समस्या अल्पकालिक घटनाओं के बजाय उत्सर्जन स्रोतों से लगातार जारी उत्सर्जन का नतीजा है। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की हालिया विश्लेषण रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय से वायु प्रदूषण का सामना कर रहे लगभग 44 फीसदी शहरों में से महज चार प्रतिशत राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के दायरे में आते हैं। सीआरईए ने उपग्रह डेटा की मदद से भारत के 4,041 शहरों में पीएम 2.5 कणों के स्तर का आकलन किया। रिपोर्ट के मुताबिक, इन 4,041 शहरों में से कम से कम 1,787 में पीएम2.5 कणों का स्तर हाल के पांच वर्षों (2019, 2021, 2022, 2023 और 2024) में हर साल राष्ट्रीय वार्षिक मानक से अधिक दर्ज किया गया, जिनमें कोविड-19 से प्रभावित वर्ष 2020 शामिल नहीं है। इसका मतलब है कि लगभग 44 फीसदी भारतीय शहर लंबे समय से वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं, जो इस बात का संकेत है कि यह समस्या अल्पकालिक घटनाओं के बजाय उत्सर्जन स्रोतों से लगातार जारी उत्सर्जन का नतीजा है। रिपोर्ट में वर्ष 2025 में पीएम2.5 कणों के स्तर के आकलन के आधार पर बायर्नीहाट (असम), दिल्ली और गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) को भारत के तीन सर्वाधिक प्रदूषित शहर करार दिया गया, जहां वार्षिक सांद्रता क्रमशः 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर, 96 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और 93 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में नोएडा चौथे, गुरुग्राम पांचवें, ग्रेटर नोएडा छठे, भिवाड़ी सातवें, हाजीपुर आठवें, मुजफ्फरनगर नौवें और हापुड़ दसवें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके बावजूद वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए भारत की प्रमुख एनसीएपी योजना के दायरे में लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे महज चार फीसदी शहर आते हैं।

## किशोरों के सच्चे रिश्तों को बचाने के लिए पॉक्सो में 'रोमियो-जूलियट' खंड शामिल करे केंद्र: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के व्यापक दुरुपयोग को देखते हुए, उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से इस खतरे को रोकने के लिए 'रोमियो-जूलियट' खंड शामिल करने का निर्देश दिया, ताकि ''वास्तविक किशोर संबंधों'' को इसके कठोर प्रावधानों से छूट दी जा सके। शीर्ष अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में यह भी कहा कि उच्च न्यायालय पॉक्सो अधिनियम के तहत मामलों में जमानत के चरण में पीड़ितों की अनिवार्य चिकित्सा आयु निर्धारण का आदेश नहीं दे सकते। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, चूंकि इन कानूनों के दुरुपयोग का बार-बार न्यायिक संज्ञान लिया गया है, इसलिए इस फैसले की एक प्रति भारत सरकार के विधि सचिव को भेजी जाए।'' पीठ ने इस कानून को ''आज के बच्चों और कल के नेताओं की रक्षा करने के उद्देश्य से न्याय की सबसे गंभीर अभिव्यक्ति'' करार दिया। इस संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने माना कि जमानत के चरण में पीड़ितों की चिकित्सकीय आयु निर्धारण के संबंध में उच्च न्यायालय का निर्देश दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 439 (जमानत प्रदान करना) के तहत अधिकार क्षेत्र से बाहर था। यह मामला उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने से जुड़ा है जिसमें एक नाबालिग लड़की से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी को जमानत दी गई थी। जमानत देते समय, उच्च न्यायालय ने कई निर्देश जारी किए, जिनमें यह भी शामिल था कि पॉक्सो अधिनियम के तहत प्रत्येक मामले में, पुलिस को शुरुआत में ही चिकित्सा आयु-निर्धारण परीक्षण करना होगा। उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने जमानत देने वाले आदेश के हिस्से को ''अपरिवर्तित'' रखा। न्यायमूर्ति करोल द्वारा लिखित फैसले में यह सवाल सामने आया कि क्या उच्च न्यायालय, जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते समय, पॉक्सो अधिनियम से जुड़े सभी मामलों में आयु-निर्धारण परीक्षण आयोजित करने को अनिवार्य करने का निर्देश जारी कर सकता है।

## पाकिस्तान का संवैधानिक संशोधन 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अपनी कमियों की स्वीकारोक्ति: सीडीएस

**पुणे :** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान को संविधान संशोधन करने के लिए मजबूर किया, जो इस बात की स्वीकारोक्ति है कि पड़ोसी देश के लिए सब कुछ ठीक नहीं रहा।'पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल' को संबोधित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान में हाल ही में जल्दबाजी में किए गए संवैधानिक बदलाव बताते हैं कि उस ऑपरेशन के दौरान उन्हें अपनी व्यवस्था में कई कमियां और खामियां मिलीं। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी सिर्फ थमा है। पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 243 में किए गए संशोधनों पर चर्चा करते हुए सीडीएस ने कहा कि वहां 'जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी' के अध्यक्ष का पद समाप्त कर दिया गया है और उसके स्थान पर 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस का पद बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने यह भी प्रावधान किया है कि यह पद केवल सेना प्रमुख के पास ही रहेगा, जो संयुक्त कमान के मूल सिद्धांत के खिलाफ है।

## ईडी की छापेमारी के दौरान ममता का आचरण अशोभनीय, जनता में उनके प्रति सम्मान घटेगा : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कोलकाता में राजनीतिक परामर्श कंपनी आई-पैक के कार्यालय में की गई छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का आचरण उनके पद के लिए अशोभनीय था। शर्मा ने कहा कि ममता बनर्जी के कृत्यों की वजह से लोगों का उनके प्रति सम्मान कम होगा। आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के आवास और कंपनी के कार्यालय में बृहस्पतिवार को ईडी की छापेमारी के दौरान तब नाटकीय स्थिति पैदा हो गई जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अचानक मौके पर पहुंच गई और आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल कांग्रेस के संवेदनशील दस्तावेजों को जब्त करने की कोशिश कर रही थी। ईडी के मुताबिक वह अपने साथ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित 'अहम सबूत' भी ले गईं।

## पंजाब: हत्या के बाद शव के टुकड़े कर ड्रम में डालने के आरोप में पति-पत्नी गिरफ्तार



**लुधियाना :** पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने 35 वर्षीय व्यक्ति की निर्मम हत्या के आरोप में एक दंपति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव जालंधर बाईपास के पास एक सुनसान भूखंड से बरामद किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान दविंदर के रूप में हुई है, जो मुंबई में एक प्रिंटिंग और ग्राफिक डिजाइन की दुकान में काम करता था। वह मुंबई से कुछ ही दिन पहले लौटा था और अपने घर पर करीब 15 मिनट ठहरने के बाद बाहर चला गया, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) समीर वर्मा के अनुसार, मुख्य आरोपी शमशेर, दविंदर का मित्र था और उन्होंने बुधवार को साथ में नशीले पदार्थों का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर कथित तौर पर बहस हुई। उन्होंने बताया कि बहस के बाद शमशेर ने मौके पर मौजूद धारदार हथियार से दविंदर पर कथित रूप से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शमशेर, बढ़ई का काम करता है। अपराध को छिपाने के प्रयास में शमशेर और उसकी पत्नी ने शव के कथित तौर पर टुकड़े-टुकड़े कर दिए, अवशेषों को एक बोरी में भरा और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति का शव कई टुकड़ों में कटा हुआ मिला, जिसके कुछ अवशेष बृहस्पतिवार को यहां सलेम तबरी क्षेत्र में एक भूखंड में एक ड्रम के अंदर पाए गए जबकि शव का एक अंग, ड्रम से करीब एक किलोमीटर दूर मिला था और वे सड़ना शुरू हो गया था। अधिकारी ने बताया कि अपराध के बाद इसके उजागर होने के कथित तौर पर डर के कारण उसकी पत्नी भी शव को ठिकाने लगाने में शामिल हो गई।

## शाह ने एनएसजी के राष्ट्रीय आईईडी डेटा मंच की शुरुआत की, आतंकवाद के खिलाफ नयी पीढ़ी की ढाल बताया



**गुरुग्राम (हरियाणा) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक राष्ट्रीय डिजिटल आईईडी डेटा प्रबंधन मंच की शुरुआत की, जो ''आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी के सुरक्षा कवच'' के रूप में कार्य करेगा और यह देश में सभी प्रकार के बम विस्फोटों के खिलाफ एक व्यापक प्रतिरोधक होगा। राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली (एनआईडीएमएस) को संघीय आतंकवाद-रोधी कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की मदद से विकसित किया गया है। यह सभी प्रकार के बम विस्फोटों का ''सटीक'' अध्ययन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग उपकरणों से लैस है। देश में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) विस्फोटों को आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में ''सबसे चुनौतीपूर्ण'' खतरों में से एक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन वर्षों में आईईडी विस्फोट में हजारों नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक लिंक के माध्यम से इस मंच का उद्घाटन किया। यह केंद्र मानेसर स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) छावनी में स्थित है। मंत्री ने कहा कि एनआईडीएमएस आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक ''ढाल'' और ''राष्ट्रीय संपत्ति'' के रूप में काम करेगा क्योंकि यह पुलिस, विभिन्न जांच एजेंसियों, राज्य आतंकवाद-रोधी दस्तों, एनआईए जैसी संघीय एजेंसियों तथा केंद्रीय बलों को विभिन्न प्रकार के बम विस्फोटों के तौर-तरीके और कार्यप्रणाली का विश्लेषण करने के लिए ''व्यापक'' डेटा प्रदान करेगा। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि यह मंच आईईडी विस्फोटों के लिए 'एक राष्ट्र एक डेटा भंडार' के रूप में कार्य करेगा। यह एकत्रित किए गए फॉरेंसिक साक्ष्यों की गुणवत्ता बढ़ाकर अभियोजन में तेजी लाने में मदद करेगा और अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाएगा। एनएसजी के महानिदेशक (डीजी) बी. श्रीनिवासन ने कहा कि एनआईडीएमएस ''वास्तविक समय पर'' सूचना का आदान-प्रदान करने वाला मंच है, जिसे आतंकवाद-रोधी और उग्रवाद-रोधी क्षेत्र में काम करने वाली सरकारी एजेंसियों के लिए बनाया गया है।

### ईडी कार्रवाई के दौरान ''ममता बनर्जी के आचरण'' की मप्र के मुख्यमंत्री यादव ने आलोचना की

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आचरण की शुक्रवार को आलोचना की। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक मुख्यमंत्री से अपेक्षा की जाती है कि वह ईडी जैसी केंद्रीय संस्थाओं के साथ सहयोग करे। उन्होंने कहा, ''हम सभी संवैधानिक संस्थाओं के साथ सहयोग करने की शपथ लेते हैं लेकिन यदि स्वयं कोई मुख्यमंत्री इस तरह के तुच्छ कृत्य में लिप्त होता है तो यह उचित नहीं है।''

## ईरान में हो रहे घटनाक्रमों पर भारत करीबी नजर रखे हुए है : विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ईरान में मुद्रास्फीति और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर विरोध-प्रदर्शनों के बीच, भारत वहां के घटनाक्रमों पर करीबी नजर रखे हुए है। नयी दिल्ली ने पांच जनवरी को भारतीय नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था तथा ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी उचित सावधानी बरतने और विरोध-प्रदर्शन या धरने वाले क्षेत्रों की यात्रा टालने की सलाह दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से उनकी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान ईरान की स्थिति के बारे में सवाल पूछा गया। जायसवाल ने कहा, हम ईरान में हो रहे घटनाक्रमों पर करीबी नजर रख रहे हैं। जैसा कि आपने देखा होगा, हमने एक परामर्श भी जारी किया है। उस देश में हमारे लगभग 10,000 नागरिक और भारतीय मूल के लोग हैं।'' ईरान की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के खिलाफ प्रदर्शन लगभग दो सप्ताह पहले तेहरान में शुरू हुए थे।

### ईरान में विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हुई

ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स' समाचार एजेंसी ने मृतकों की संख्या बताई है। एजेंसी ने बताया कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 2,300 गिरफ्तारियां हुई हैं।

## एयर प्यूरीफायर को चिकित्सकीय उपकरण के रूप में वर्गीकृत करने की याचिका में कोई जनहित नहीं: केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष यह तर्क दिया कि एयर प्यूरीफायर को ''चिकित्सकीय उपकरण'' के रूप में वर्गीकृत करने की याचिका में किए गए अनुरोध से निष्कर्ष निकलता है कि यह याचिका वास्तव में जनहित संबंधी किसी चिंता को दूर करने के उद्देश्य से दायर नहीं की गई, बल्कि यह ''कपटपूर्ण'' और ''(विशेष लक्ष्य से) प्रेरित प्रयास'' है। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ के समक्ष कहा कि एयर प्यूरीफायर को चिकित्सीय उपकरण के रूप में वर्गीकृत करना जनहित याचिका के कथित उद्देश्य के लिए प्रतिकूल होगा, क्योंकि इससे एयर प्यूरीफायर पर अतिरिक्त विनियामक अनुपालन लागू होंगे और ऐसे बाजार में उनकी आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है, जो पहले ही बाधाओं का सामना कर रहा है। न्यायालय ने केंद्र के हलफनामे में याचिकाकर्ता के विरुद्ध दी गई दलीलों पर गौर किया और उसे अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। मामले में आगे की सुनवाई 19 मार्च को होगी।

### केरल: ईडी ने शबरिमला में सोना चोरी के संबंध में धनशोधन का मामला दर्ज किया

तिरुवनंतपुरम/नयी दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल में शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को धनशोधन का मामला दर्ज किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। ईसीआईआर पुलिस की प्राथमिकी के समान है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले की जांच केरल उच्च न्यायालय की देखरेख में राज्य विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है। उच्च न्यायालय ने दिसंबर में ईडी को मामले की स्वतंत्र जांच करने की अनुमति दी थी। अदालत ने एसआईटी द्वारा केंद्रीय एजेंसी के साथ मामले की जानकारी साझा करने पर उठाई गई आपत्तियों को खारिज कर दिया था।

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने धार्मिक चरमपंथियों के साथ साठगांठ कर ली है : तस्लीमा



**तिरुवनंतपुरम :** बांग्लादेशी-स्वीडिश लेखिका तस्लीमा नसरीन ने शुक्रवार को बांग्लादेश सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश में ''धार्मिक चरमपंथियों और विभाजनकारी शक्तियों'' के साथ साठगांठ कर ली है। केरल विधानसभा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव (केएलआईबीएफ) के चौथे संस्करण में 'शांति के लिए पुस्तक' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए तस्लीमा ने आरोप लगाया कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता यूनुस ''ऐसे एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं जो धर्मनिरपेक्षता और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा है।'' उन्होंने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार शांति को परिभाषित नहीं करता, बल्कि सत्ता करती है और सत्ता को सच्चाई की परवाह बहुत कम होती है। तस्लीमा ने कहा कि अमेरिका के 56वें विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला, लेकिन ''उनकी नीतियों ने देशों को जलते हुए छोड़ दिया और उनकी रणनीतियों ने गांवों को तबाह कर दिया।'' चर्चित उपन्यास 'लज्जा'की लेखिका ने दावा किया कि इसी तरह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और म्यांमा की पूर्व विदेश मंत्री आंग सान सू ची रोहिंग्या के साथ तब खड़ी नहीं हुईं जब उन्हें देश से निकाला जा रहा था। उन्होंने कहा, ''उन्होंने मानवता के बजाय सत्ता को चुना।'' तस्लीमा ने अपने वतन बांग्लादेश के बारे में कहा कि जब ''कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों और चरमपंथियों'' ने उनकी किताबों की वजह से उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनके खिलाफ फतवे (धार्मिक फरमान) जारी किए, तब तत्कालीन बांग्लादेश सरकार ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और इसके बजाय उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। उन्होंने कहा, ''अगर सरकार ने उस समय कट्टरपंथियों और जिहादियों के खिलाफ कार्रवाई की होती, तो आज इस देश (बांग्लादेश) की हालत इतनी खराब नहीं होती। सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिए और सत्ता में यथासंभव लंबे समय तक बने रहने के लिए धर्म का इस्तेमाल किया।''

## अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की सिफारिश

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अंकिता भंडारी प्रकरण की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराये जाने की सिफारिश कर दी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए कहा कि दिवंगत अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध एवं उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराये जाने की संस्तुति की है। धामी ने कहा कि हाल में उन्होंने अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात की थी और इस दौरान उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराये जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है एवं आगे भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई आरंभ की और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण से जुड़े सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई, जिसके परिणामस्वरूप मामले के तीनों दोषियों को निचली अदालत द्वारा उम्रकैद की सजा सुनाई गयी। धामी ने कहा कि पूरे प्रकरण में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। हाल में सोशल मीडिया पर प्रसारित 'ऑडियो क्लिप' का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी। धामी ने कहा कि राज्य सरकार पहले भी न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी पूरी दृढ़ता एवं संवेदनशीलता के साथ अंकिता को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा मुंबई मैराथन में 60,000 से ज्यादा धावक भाग लेंगे

**मुंबई:** टाटा मुंबई मैराथन (टीएमएम) के 21वें सत्र का आयोजन यहां 18 जनवरी को होगा जिसमें भाग लेने के लिए 60,000 से अधिक धावकों ने पंजीकरण कराया है। आयोजकों के अनुसार, विश्व एथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रिकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से और 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में भाग लेंगे। पहली बार रिकॉर्ड 14,059 धावक पूर्ण मैराथन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हाफ मैराथन और ओपन 10 किमी दौड़ में भी भागीदारी में भारी वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, 'पिछले दो दशकों में टाटा मुंबई मैराथन ने लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य और शहर की आर्थिक स्थिति दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

### विश्व कप 2026 के लिए फीफा का वीडियो कंटेंट पार्टनर बना 'टिकटॉक'

**जिनेवा:** फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने 11 जून से 19 जुलाई तक चलने वाले पुरुष फुटबॉल विश्व कप में सोशल मीडिया पर वीडियो कंटेंट के लिए 'टिकटॉक' को अपना प्रमुख प्लेटफॉर्म चुना है। इस साझेदारी के अंतर्गत 'कंटेंट क्रिएटर्स' को 48 टीम वाले विश्व कप में विशेष अनुमति मिलेगी। यह टूर्नामेंट 16 शहरों में आयोजित होगा। इनमें अमेरिका के 11, मेक्सिको के तीन और कनाडा के दो शहर शामिल हैं। फीफा ने बताया कि विश्व कप के प्रसारण अधिकार रखने वाले ब्रॉडकास्टर टिकटॉक ऐप पर बने एक विशेष 'हब' के जरिए 104 मैच के कुछ हिस्सों का लाइव प्रसारण कर सकेंगे। अमेरिका में टिकटॉक के 17 करोड़ से अधिक यूजर हैं। फीफा ने कहा, 'इसके अलावा बड़ी संख्या में क्रिएटर्स को फीफा के 'आर्काइव' फुटेज का इस्तेमाल और इन्हें साथ में बनाने का मौका भी मिलेगा।'

# डि क्लर्क के हरफनमौला खेल से आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराया



**नवी मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका की नडिन डि क्लर्क के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के बेहद रोमांचक उद्घाटन मुकाबले में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से शिकस्त देकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। प्लेयर ऑफ द मैच डि क्लर्क ने पहले गेंदबाजी में चार विकेट झटकने के बाद दबाव भरे क्षणों में 44 गेंदों में नाबाद 63 रन की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को यादगार जीत दिलाई। आरसीबी को अंतिम ओवर में जीत के लिए 18 रन की जरूरत थी, जहां नैट सिवर-ब्रंट की पहली दो गेंदें चूकने के बाद डि क्लर्क ने दो छक्के और दो चौके लगाकर मुकाबला आरसीबी की झोली में डाल दिया। प्रेमा रावत चार गेंदों पर आठ रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 154 रन बनाए। सजीवन सजना ने 25 गेंदों में 45 रन की तेजतर्रार पारी खेली और निकोला कैरी (40 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की अहम साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई की शुरुआत हालांकि खराब रही और 11वें ओवर तक उसका स्कोर चार विकेट पर 67 रन था। गुनालन कमलिनी ने 32 रन बनाए, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन ही जोड़ सकीं। आरसीबी की ओर से गेंदबाजी में डि क्लर्क के अलावा लॉरेन बेल और श्रेयंका ने प्रभाव छोड़ा। मुंबई की तरफ से निकोला कैरी और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को स्मृति मंधाना और ग्रेस हैरिस ने तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन मध्यक्रम के जल्दी ढहने से टीम दबाव में आ गई। ऐसे में डि क्लर्क और अरुंधति रेड्डी (20) की साझेदारी ने आरसीबी को लक्ष्य के करीब पहुंचाया और अंततः टीम ने तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।

## किस्मत में लिखा था, भारत की युवा स्पिनर वैष्णवी ने क्रिकेट करियर पर कहा



**नयी दिल्ली:** वैष्णवी शर्मा ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भारत के लिए पदार्पण किया था और ग्वालियर की 20 साल की बाएं हाथ की स्पिनर का कहना है कि उनके ज्योतिषी पिता नरेंद्र शर्मा ने उनके भविष्य के बारे में बता दिया था कि वह क्रिकेटर बनेंगी। उनका कहना है कि खिलाड़ी बनना उनकी किस्मत में लिखा था। वैष्णवी ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''जब मैं चार साल की थी तो खेलों में मेरा सफर शुरू हुआ। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मेरे पिता एक ज्योतिषी हैं। उन्होंने मेरी कुंडली देखी और कहा कि मुझे या तो खेलों में जाना चाहिए या चिकित्सा के क्षेत्र में।' उन्होंने कहा, 'उसके बाद, यह सवाल था कि मेरी दिलचस्पी किसमें है। कुछ समय बाद, उन्हें समझ आया कि मेरी दिलचस्पी खेलों में है। जब मैं सात साल की थी तो मैंने और गंभीरता से खेलना शुरू किया जैसे शाम को अभ्यास सत्र के लिए जाना।' वैष्णवी ने कहा, 'और जब मैं 11-12 साल की थी तो मैंने मध्य प्रदेश के लिए अपना पहला अंडर-16 मैच खेला। तब यह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अंतर्गत नहीं था, लेकिन सही में मेरा सफर वहीं से शुरू हुआ।'' श्रीलंका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में वह पांच विकेट लेकर भारत के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। उन्होंने कहा, 'जब मैंने क्रिकेट शुरू किया, तो यही मेरा लक्ष्य था। मैंने कभी किसी दूसरे लक्ष्य पर ध्यान नहीं दिया। जब भी मैं मैदान पर जाती हूं, तो मैं बाकी सब कुछ भूल जाती हूं क्योंकि क्रिकेट खेलने के बाद जो अहसास मुझे होता है, वह मुझे किसी और चीज से नहीं मिलता।' हालांकि उनका सफर आसान नहीं रहा है। वैष्णवी ने माना कि श्रीलंका के लिए चुने जाने से पहले उन्हें उम्मीद थी कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में कोई फ्रेंचाइजी उन्हें चुन ही लेगी लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें निराशा हुई। पर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इसका असर घरेलू टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन पर नहीं पड़े। उन्होंने कहा, ''बेशक, जब उम्मीदें होती हैं तो बहुत बुरा लगता है। मुझे भी ऐसा लगा था। लेकिन उस समय मैं एक टूर्नामेंट खेल रही थी, इसलिए मेरा पूरा ध्यान अपनी टीम पर था। अंडर-23 मेरे लिए एक बड़ा मंच था इसलिए मैंने अपना ध्यान सिर्फ उसी पर लगाए रखा। उन्होंने कहा, ''मैंने सोचा कि मैं वही कर सकती हूं जो मेरे हाथ में है और बाकी भगवान पर छोड़ देती हूं। मैंने मैदान पर कभी वह निराशा नहीं दिखाई। मैं दुखी थी, मैंने अपने परिवार से बात की। मेरे दोस्तों, माता-पिता, भाई और सीनियर खिलाड़ियों सभी ने मुझे फ़ोन किया। मैंने उस चीज पर ध्यान दिया जो मेरे हाथ में थी।'

## नाकामियों से पता चलता है कि आप कहां गलती कर रहे हैं : निकहत जरीन



**ग्रेटर नोएडा:** पिछला साल निकहत जरीन के लिए आत्ममंथन का रहा जिसने उन्हें उम्मीदों पर काबू रखना सिखाया और साथ ही ओलंपिक चैंपियन बनने के अपने सपने को पूरा करने का उनका इरादा भी मज़बूत किया। लगातार दो विश्व खिताब, राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण और एशियाई खेलों में कांस्य के बाद पेरिस ओलंपिक 2024 में निकहत से काफी उम्मीदें थी। लेकिन वह अंतिम 16 में वु यू से हारकर खाली हाथ लौटीं। निकहत ने यहां चल रही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के दौरान पीटीआई से कहा ,'खेलों में उतार चढाव आते हैं। आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि खिलाड़ी हर समय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ही करे लेकिन उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिये।' उन्होंने कहा ,'नाकामियां खेल का हिस्सा है और जीवन का भी। इसी से आपको पता चलता है कि आप कहां गलती पर हैं और आप उस पर काम करके मजबूती से वापसी करते हैं।' निकहत ने पेरिस खेलों के बाद यही किया लेकिन घुटने की चोट उनकी वापसी की राह में रोड़ा बन गई। महीनों तक रिंग से दूर रहने के बद उन्होंने जून जुलाई में एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट में वापसी की और फिर विश्व चैम्पियनशिप में भाग लिया जिसमें वह दो बार की ओलंपिक रजत पदक विजेता बूस नाज काकिरोग्लू से हार गई। उन्होंने कहा ,'मैं दो बार की ओलंपिक रजत पदक विजेता से हारी हूं तो कोई खेद नहीं है लेकिन खाली हाथ लौटने की निराशा है।'

## सिंधू मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में, सात्विक और चिराग हारे



**कुआलालंपुर:** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शुक्रवार को यहां जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से रिटायर होने के बाद मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली जबकि पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी क्वार्टर फाइनल हार गए। सिंधू ने पहला गेम 21-11 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद तीन बार की विश्व चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची ने मैच से हटने का फैसला किया। वह घुटने में ब्रेस पहने हुए थीं। इससे विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 15-12 हो गया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद सिंधू अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी से होगा जिन्होंने इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को 21 . 17, 21 . 18 से हराया। वहीं दो बार विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता भारत के सात्विक और चिराग पुरूष युगल में इंडोनेशिया के फजर अल्फेन और मुहम्मद फिकरी की निचली रैंकिंग वाली जोड़ी से 10 . 21, 21 . 23 से हार गए। पिछले साल हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग पहले गेम में ही दबाव में नजर आये।

## भारत के अभ्यास सत्र में लय में दिखे रोहित और कोहली

**वडोदरा:** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले शुक्रवार को यहां हुए अभ्यास सत्र में शानदार लय में नजर आए। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार से तीन मैचों की वनडे और फिर पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी। विजय हजारे ट्रॉफी में दो-दो मैच खेलने के बाद कोहली और रोहित ने भारतीय तेज गेंदबाजों, स्पिनरों और थ्रो-डाउन विशेषज्ञों के खिलाफ लगभग डेढ़ घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। घरेलू क्रिकेट की इस प्रमुख प्रतियोगिता में 77 और 131 रन की पारियां खेलने वाले कोहली ने स्पिन और तेज दोनों तरह के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। नेट में एक पिच पर थ्रो-डाउन विशेषज्ञों के खिलाफ गेंद के असमान उछाल ने भी इस स्टार बल्लेबाज को अतिरिक्त चुनौती दी। भारत के मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज इस तीन घंटे लंबे अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं थे, क्योंकि वे बृहस्पतिवार को विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए खेल रहे थे। यह तीनों खिलाड़ी शुक्रवार देर शाम टीम से जुड़ेंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और नेट सत्र में सहजता से बल्लेबाजी की। गिल दिसंबर के अंत में पैर की उंगली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाए थे।

### 'ए' टीमों के दौरों को आसान बनाने की जरूरत, बीसीसीआई आला अधिकारियों की बैठक के बाद बोले सैकिया

**नयी दिल्ली:** बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने बेंगलुरू स्थित उत्कृष्टता केंद्र के कामकाज का जायजा लिया और भारत ए तथा भारत अंडर 19 टीमों के दौरों को भविष्य में आसान बनाने पर भी बात की। बोर्ड सचिव देवाजीत सैकिया ने पीटीआई को यह जानकारी दी। उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) अप्रैल से शुरू हो गया है लेकिन कई प्रमुख तकनीकी पद रिक्त पड़े हैं। इसमें शिक्षा और खेल विज्ञान प्रमुख का पद शामिल है। मुंबई में हुई बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और सीओई क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण मौजूद थे। सैकिया ने कहा ,'हमने सीओई में रिक्त पदों पर बात की और जल्दी ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया। दुनिया भर में तकनीकी स्टाफ की कमी है लेकिन हम जल्दी से जल्दी इन पदों पर नियुक्तियां करेंगे।' उन्होंने कहा ,'सीओई की तैयारियों और कामकाज की समीक्षा का भी यह सही समय था। वहां तीन मैदानों पर मैच हो रहे हैं जिसमें विजय हजारे ट्रॉफी के मैच शामिल है। हमने यह भी बात की कि आगे ए टीमों के दौरों का कार्यक्रम कैसा होना चाहिये।' उन्होंने कहा ,'कई बार ए टीम और सीनियर टीम एक ही समय पर साथ में दौरे पर होती हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा नहीं हो।



## भारत के लिए प्रमुख निर्यात गंतव्य बनकर उभर रहा चीन, अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 33 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली:** भारत के लिए चीन एक प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभरा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 33 प्रतिशत बढ़कर 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। ये आंकड़े द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में संरचनात्मक बदलाव का संकेत दे रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में वृद्धि तेल खली, समुद्री उत्पाद, दूरसंचार उपकरण और मसालों जैसे उत्पादों के कारण हुई है। भारत ने अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सामान निर्यात किया। अप्रैल-नवंबर 2022-23 में यह 9.89 अरब अमेरिकी डॉलर और 2023-24 में 10.28 अरब अमेरिकी डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर तक की तीव्र वृद्धि न केवल पिछले वर्ष की गिरावट के उलट है बल्कि पिछले चार वर्ष में सर्वाधिक भी है। इलेक्ट्रॉनिक खंड में अप्रैल से नवंबर (पहले आठ महीनों) के दौरान जिन मुख्य वस्तुओं में वृद्धि दर्ज की गई, उनमें 'पॉपुलेटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड' (निर्यात 2.39 करोड़ डॉलर से बढ़कर 92.24 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया), फ्लैट पैनल डिस्प्ले मॉड्यूल और टेलीफोनी के लिए अन्य विद्युत उपकरण शामिल थे। निर्यात किए जाने वाले प्रमुख कृषि एवं समुद्री उत्पाद सूखी मिर्च, ब्लैक टाइगर झींगा, हरी मूंग, वन्नामेई झींगा और तेल खली के अवशेष हैं। इसी प्रकार एल्युमीनियम और परिष्कृत तांबे के 'बिलेट' ने भी निर्यात वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया। एक अधिकारी ने कहा, '' इलेक्ट्रॉनिक सामान, कृषि और मूल धातु में फैला यह प्रसार दर्शाता है कि निर्यात में यह उछाल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि यह चीन को भारत के निर्यात के व्यापक संरचनात्मक विस्तार को दर्शाता है।'' एक निर्यातक ने कहा कि भारतीय उद्योग विभिन्न बाजारों में अवसरों की तलाश कर रहा है क्योंकि अमेरिका में उच्च शुल्क के कारण उनके लिए अमेरिका में प्रतिस्पर्धी दरों पर माल भेजना मुश्किल हो रहा है।

### वोडाफोन आइडिया को राहत: अगले छह वर्ष में वार्षिक भुगतान 124 करोड़ रुपये तक रहेगा सीमित

**नयी दिल्ली:** कर्ज में डूबी संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया को सरकार ने राहत देते हुए अगले छह वर्ष में बकाया राशि को चुकाने के लिए वार्षिक भुगतान की सीमा 124 करोड़ रुपये तय कर दी है, जिससे निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में आसानी होगी। वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) से प्राप्त एक सूचना का हवाला देते हुए शेयर बाजार को बताया कि मार्च 2032 और मार्च 2035 के बीच वार्षिक भुगतान की राशि को घटाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की शेष राशि का भुगतान मार्च 2036 से शुरू होकर छह वर्षों तक वार्षिक रूप से समान किस्तों में करना होगा। सरकार ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर 31 दिसंबर को सहमति जतायी थी जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा।

### सीबीआईसी ने फर्जी जीएसटी नोटिसों को लेकर किया आगाह

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार को कंपनियों को भेजे जा रहे फर्जी जीएसटी नोटिसों के प्रति आगाह किया और करदाताओं से ऐसे धोखाधड़ी के मामलों के बारे में तुरंत सूचना देने को कहा है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता की शिकायत का जवाब देते हुए सीबीआईसी ने यह स्पष्टीकरण दिया। उस उपयोगकर्ता ने एक कथित जीएसटी अधिकारी की कॉल आने की शिकायत की थी। सीबीआईसी ने कहा कि जालसाज आधिकारिक जीएसटी दस्तावेजों की नकल करते हुए फर्जी समन भेज रहे हैं। इन्हें असली दिखाने के लिए वे केंद्रीय जीएसटी के लोगो और फर्जी डीआईएन नंबरों का उपयोग कर रहे हैं।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट; सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



**मुंबई:** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 605 अंक नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 193 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कारोबारियों ने कहा कि भारतीय बाजारों से विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। शुरुआती कारोबार में मामूली सुधार के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपनी गति बरकरार रखने में विफल रहा और 604.72 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 778.68 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरकर 83,402.28 तक चला गया था। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक और व्यापार संबंधी चिंताओं, विशेष रूप से अमेरिकी शुल्क कार्रवाइयों को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच बाजार की धारणा कमजोर रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और जोखिम वाली संपत्तियों में कमजोर रुख ने नकारात्मक रुझान को और बढ़ा दिया।' सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत टूटा और मिडकैप सूचकांक 0.90 प्रतिशत नुकसान में रहा। क्षेत्रवार बात करें तो रियल्टी में 2.22 प्रतिशत, सेवा में 1.84 प्रतिशत, उपयोगिता में 1.82 प्रतिशत, बिजली में 1.79 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.41 प्रतिशत, ऑटो में 1.22 प्रतिशत, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.14 प्रतिशत और वित्तीय सेवाओं में 1.09 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई एनर्जी, आईटी, पीएसयू बैंक, तेल और गैस बढ़त में रहे। इससे पहले बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरकर 84,180.96 पर और निफ्टी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 25,876.85 पर बंद हुआ था।

## भारत- ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता; किसानों, एमएसएमई के हितों की रक्षा का वादा



**नयी दिल्ली:** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को ब्रसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस वार्ता के लिए यूरोपीय संघ मुख्यालय की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने एक पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए सुनिश्चित करने के लिए ईयू के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच के साथ उच्च स्तरीय चर्चा की। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस वार्ता के दौरान हमने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया। हमने एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो भारतीय उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ते हुए किसानों और एमएसएमई के हितों की रक्षा करती है।'' यह मंत्री-स्तरीय वार्ता ब्रसेल्स में एक सप्ताह के गहन विचार-विमर्श के बाद हो रही है। इसकी आधारशिला इस सप्ताह की शुरुआत में (6-7 जनवरी) भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग के व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच हुई उच्च स्तरीय चर्चा के दौरान रखी गई थी। ये वार्ताएं महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि दोनों पक्ष जल्द से जल्द बातचीत को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन 27 जनवरी को यहां होने की संभावना है, और यूरोपीय संघ का शीर्ष नेतृत्व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगा।

## भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र:** संयुक्त राष्ट्र ने 2026 में भारत की वृद्धि दर के 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक तथा सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से 'विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2026' रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें कहा गया है कि भारत' चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में असाधारण रूप से उच्च वृद्धि'' दर्ज करेगा। मजबूत निजी उपभोग एवं मजबूत सार्वजनिक निवेश से अमेरिकी शुल्क के उच्च प्रभाव की काफी हद तक भरपाई हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आर्थिक वृद्धि दर 2025 में अनुमानित 7.4 प्रतिशत से घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विभाग ने साथ ही कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसमें कहा गया है, 'निजी उपभोग में मजबूती, सार्वजनिक निवेश में वृद्धि, हालिया कर सुधार एवं कम ब्याज दरों से निकट भविष्य में वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि, यदि मौजूदा दरें बनी रहती हैं तो अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क 2026 में निर्यात प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि भारत से होने वाले कुल निर्यात में अमेरिकी बाजार की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत है।' संयुक्त राष्ट्र विकास एजेंसी (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषक तथा नीति प्रभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी इकाई के वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं प्रभारी अधिकारी इंगो पिटर्ले ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र बना रहेगा जिसकी दर 5.6 प्रतिशत रहेगी। इस वृद्धि में सबसे अधिक योगदान भारत का रहेगा जहां मजबूत घरेलू मांग, अच्छी फसल से समर्थित मुद्रास्फीति में कमी और निरंतर नीतिगत समर्थन वृद्धि को गति दे रहे हैं।' यूएन डीईएसए के आर्थिक विश्लेषक एवं नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने कहा कि भारत के निर्यात बाजारों का यूरोपीय संघ और पश्चिम एशिया की ओर विविधीकरण हुआ है। मुखर्जी ने भी दोहराया कि भारत में 'वृद्धि के घरेलू कारक असाधारण रूप से मजबूत रहे हैं' और इस समय भारत से होने वाले सबसे मजबूत निर्यातों में से एक सेवाओं का निर्यात है।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 28 पैसे टूटकर 90.18 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को 28 पैसे टूटकर 90.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार मजबूत अमेरिकी डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा भी रुपये पर दबाव डाल रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.88 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला, लेकिन कारोबार के दौरान इसमें गिरावट बनी रही और अंत में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.18 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की गिरावट है।

### अकासा एयर विमानन कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय संघ आईएटीए की बनी सदस्य

**नयी दिल्ली:** अकासा एयर विमानन कंपनियों के वैश्विक समूह अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की सदस्य बन गई है। आईएटीए 360 से अधिक विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इनमें भारतीय विमानन कंपनियां एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो और स्पाइसजेट भी शामिल हैं। अकासा एयर ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आईएटीए 'ऑपरेशनल सेफ्टी ऑडिट' (आईओएसए) को पूरा करने के बाद वह आईएटीए की सदस्य बन गई है। आईओएसए को पूरा करना सदस्यता पाने के लिए अनिवार्य है।

### भारत कोकिंग कोल के आईपीओ को पहले दिन 8.1 गुना बोलियां मिलीं

**कोलकाता:** खुदरा, गैर-संस्थागत और मौजूदा शेयरधारक निवेशकों की मजबूत मांग के बल पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के पहले दिन 8.09 गुना अभिदान मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ के तहत 34,69,46,500 शेयर की पेशकश के मुकाबले 2,80,61,36,400 शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा निवेशकों के हिस्से को 9.26 गुना, गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 16.39 गुना, शेयरधारकों के लिए आरक्षित हिस्से को 10.86 गुना और कर्मचारियों के हिस्से को 0.83 गुना अभिदान मिला। वहीं, पात्र संस्थागत खरीदारों की श्रेणी में 0.30 गुना अभिदान हुआ।

### पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए डीजीसीए के जुर्माने के खिलाफ इंडिगो की अपील खारिज

**नयी दिल्ली:** इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि एक अपीलीय प्राधिकरण ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए जुर्माने के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया है। यह जुर्माना कुछ हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया था। पिछले साल सितंबर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। डीजीसीए अपीलीय प्राधिकरण ने सात जनवरी के एक आदेश में इस अपील को खारिज कर दिया है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बीएसई को बताया, ''इस मामले का निपटारा कंपनी के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये के जुर्माने को बहाल करते हुए किया गया है।'' नियामक ने यह जुर्माना 'श्रेणी सी' के हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का उपयोग करने में एयरलाइन की कथित विफलता के कारण लगाया था। आमतौर पर, पायलटों को 'श्रेणी सी' के हवाई अड्डों से उड़ानों के संचालन के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, क्योंकि वहां परिचालन संबंधी चुनौतियां हो सकती हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3469 अंक 279, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in